

## गुस्ताखी माफ

थोड़ी मुश्किल है अभी, जरा लीजिए झेल।
जून-जुलाई में नहीं, अब निकलेगा तेल।
अब निकलेगा तेल, हमारा करें भरोसा।
वर्ना हमको बेच, गटकना चाय-समोसा।
कह साहिल कविराय, पक्खियों की लें जोड़ी।
जरा लीजिए झेल, अभी मुश्किल है थोड़ी।

- डॉ. राजेन्द्र साहिल

RNI NO PUNBIL/2014/59416

UTURNTIME.COM

# यूटर्न टाइम

The Good, Bad and Ugly of India

FOLLOW US ON @UTURNTIMENEWS




VOL: 11 | ISSUE 121 | TUESDAY 12-05-2026 | RS-03 | PAGE-12 | PUBLISHED BY: LUDHIANA | HINDI DAILY NEWSPAPER Visit at : www.uturntime.com

# पीएम नरेंद्र मोदी का ऐलान: बचाव करेगा या पैदा होने वाली है नई समस्या, दुविधा में फंसे लोग

लुधियाना/यूटर्न/11 मई। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा हाल ही में हैदराबाद में एक रैली के दौरान पश्चिम एशिया संकट के बुरे असर से अर्थव्यवस्था को मजबूत करने के लिए सोना खरीदने का बहिष्कार करने, वर्क फ्रॉम होम को पहल और पब्लिक ट्रांसपोर्ट का इस्तेमाल ज्यादा समेत कई तरह की अपील की। बेशक पीएम द्वारा देश की तरक्की और आर्थिक व्यवस्था को मजबूत बनाने को यह ऐलान किया गया। लेकिन इस अपील के बाद देश की जनता नई दुविधा में पड़ गई है। क्योंकि कोविड-19 के दौरान भी यहीं अपील हुई थी और फिर एकदम से देश का पहिया रुक गया था। ऐसे में लोगों के मन में फिर से डर पैदा हो गया है। अब यह अपील अर्थ व्यवस्था का बचाव करने को है या सच में नई समस्या पैदा होने वाली है, यह तो आने वाला समय ही बताएगा। लेकिन कई कंपनियों द्वारा इसे अपना अवसर बनाकर जमकर लूट शुरू कर दी है।



## इंपोर्ट हुई बंद तो स्वदेशियों ने बढ़ाए रेट

एक तरफ जहां प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा स्वदेशी चीजों को पहल देने के लिए भाषण दिए जाते हैं। वहीं खाने के तेल व अन्य चीजों की इंपोर्ट बंद होने पर स्वदेशी कंपनियों ने अपनी चीजों के रेट भी बढ़ा दिए हैं। यह रेट 10-20 पैसे नहीं सीधे दो से पांच रुपए बढ़ाए गए हैं। यानि कि उक्त कंपनियां आपदा में अवसर ढूंढ रही है। जिसके चलते पीएम मोदी को जनता से अपील करने के साथ साथ इन कंपनियों पर भी शिकंजा कसना चाहिए। वैसे देखा जाए तो स्वदेशी चीजें सस्ती होनी चाहिए, क्योंकि उन पर इंपोर्ट ड्यूटी नहीं लगती।

## प्रधानमंत्री मोदी की मुख्य अपीलें ये थीं

- पेट्रोल और डीजल का कम इस्तेमाल करें
- जहां मेट्रो उपलब्ध हो, वहां पब्लिक ट्रांसपोर्ट का ज्यादा उपयोग करें
- कार पोलिंग अपनाएं
- वर्क फ्रॉम होम और ऑनलाइन मीटिंग को बढ़ावा दें
- विदेश यात्रा और विदेश में शादी जैसे खर्च टालें
- कम से कम एक साल तक सोना खरीदने से बचें
- मेड इन इंडिया सामान को प्राथमिकता दें
- खाने वाले तेल का उपयोग कम करें
- किसानों से रासायनिक खाद कम और प्राकृतिक खेती अपनाने की अपील की
- सोलर ऊर्जा और इलेक्ट्रिक वाहनों का इस्तेमाल करें।

## शेयर बाजार भी गिरा

11 मई को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की देश से की गई कुछ अहम अपीलों के बाद भारतीय शेयर बाजार में भारी गिरावट दर्ज की गई। सेंसेक्स 1,300 अंकों से ज्यादा टूटकर 76,000 के स्तर के पास बंद हुआ, जबकि निफ्टी 50 में लगभग 360 अंकों की गिरावट आई। वहीं चर्चा है कि शेयर बाजार में कई हजार करोड़ की गिरावट आई है।

## जनता को अलर्ट होने की जरुरत



निटमा के पूर्व प्रधान राजीव गर्ग ने कहा कि पीएम द्वारा यह संदेश दिया गया है कि जनता अपना पैसा फोर्न एक्सचेंज में न खर्च करे। क्योंकि अभी युद्ध लंबा चल सकता है, जिससे आगे जाकर दिक्कत आ सकती है। उस दिक्कत से बचने और पहले से तैयार रहने को यह अपील की है। इससे मार्किट में पैनिक माहौल तो बना है।

## ऑयल के जबरन बढ़े दाम से घबराहट का माहौल



विनायक एग्रो ऑयल के अशोक गोयल ने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी की अपील के बाद स्वदेशी खाने का ऑयल बनाने वाली कंपनियों द्वारा रेट बढ़ा दिए गए हैं। उन्हें चाहिए कि लोगों से अपील करने के साथ साथ इन कंपनियों के रेट भी कंट्रोल करवाए जाए। इन बढ़े रेट से बाजार में घबराहट पैदा हो रही है।

## अभी इस अपील की क्लियरिटी नहीं है



लुधियाना ज्वैलर्स एसोसिएशन के सेक्रेटरी मनोज ढांडा ने कहा कि सोमवार सुबह सोना-चांदी के दाम कम थे, लेकिन शाम को सोना दो हजार प्रति 10 ग्राम और चांदी चार हजार रुपए प्रति किलो महंगी हो गई। अभी यह अपील है। इसकी क्लियरिटी नहीं है। आने वाले समय में पता चल सकेगा। घबराने की जरुरत नहीं है।



Uturn Time 12 May 2026_Layout 2 11-05-2026 23:14 Page 2



## सोने और विदेशी यात्रा पर अपील से टरटए सेक्टर में चिंता, उद्योग जगत ने जताई नाराजगी

लुधियाना/यूटर्न/11 मई। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा हाल ही में सोने की खरीद कम करने, विदेशी यात्रा सीमित रखने और ऊर्जा संकट के चलते बचत पर जोर देने की अपील के बाद उद्योग जगत में चिंता का माहौल बन गया है। World MSME Forum ने इस बयान की कड़ी आलोचना करते हुए इसे ज्वेलरी और टूरिज्म सेक्टर के लिए नकारात्मक बताया है। फोरम के अध्यक्ष बदीश जिंदल का कहना है कि इस तरह के बयान रोजगार देने वाले प्रमुख सेक्टर—जेम्स एंड ज्वेलरी, पर्यटन, होटल, एविएशन और रिटेल—पर प्रतिकूल असर डाल सकते हैं।



उन्होंने कहा कि भारत में ज्वेलरी उद्योग देश की जीडीपी में लगभग 7% योगदान देता है और लाखों लोगों को रोजगार प्रदान करता है। इसी तरह, पर्यटन उद्योग भी अर्थव्यवस्था का महत्वपूर्ण हिस्सा है, जो करोड़ों लोगों की आजीविका से जुड़ा हुआ है। ऐसे में किसी भी तरह की अपील जो उपभोक्ता खर्च को कम करे, उससे बाजार में अनिश्चितता बढ़ सकती है। फोरम ने सुझाव दिया कि सरकार को घरेलू उद्योगों को हतोत्साहित करने के बजाय सस्ते विदेशी, खासकर चीनी उत्पादों के आयात पर सख्ती करनी चाहिए। विशेषज्ञों का मानना है कि देश की आर्थिक मजबूती के लिए स्थानीय उत्पादन, निर्यात और उपभोक्ता विश्वास को बढ़ाना बेहद जरूरी है।

# सोना न खरीदें, पीएम मोदी ने नागरिकों से सोना खरीदने से बचने को क्यों कहा ?

चंडीगढ़/यूटर्न/11 मई। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को हैदराबाद में एक रैली में, पश्चिम एशिया संकट के बुरे असर से अर्थव्यवस्था को मजबूत करने के लिए, दूसरे उपायों के साथ-साथ सोना खरीदने का बहिष्कार करने की अपील की। पीएम मोदी ने विदेशी मुद्रा भंडार बचाने और ईंधन की खपत कम करने की वकालत की, क्योंकि वैश्विक सप्लाई चेन अभी भी प्रभावित हैं। उनकी यह टिप्पणी ऐसे समय आई है जब कच्चा तेल और सोना भारत के आयात खर्च का बड़ा हिस्सा हैं और भारत के विदेशी मुद्रा भंडार को खत्म कर रहे हैं। फ्क्के डेटा से पता चलता है कि 1 मई को खत्म हुए हफ़्ते में विदेशी मुद्रा भंडार $7.794 अरब से $690.693 अरब रह गया। इससे पहले, 27 फरवरी को खत्म हुए हफ़्ते में यह रिकॉर्ड ऊंचाई $728.494 अरब पर था। इसके बाद, मध्य पूर्व में भू-राजनीतिक तनाव के कारण रुपये पर लगातार दबाव पड़ा और RBI को डॉलर बेचकर दखल देना पड़ा।



### चालू खाता घाटे की समस्या से निपटने को अपील

आर्थिक मामलों के विशेषज्ञ डॉ. सी.आर. चितरंजन ने कहा, पीएम मोदी की देश से सोने की खपत कम करने की अपील, कच्चे तेल की ऊंची कीमतों के कारण पैदा हुए चालू खाता घाटे की समस्या से निपटने के लिए है। बचत करने की इस अपील का वित्त वर्ष 2027 में आर्थिक विकास पर थोड़ा नकारात्मक असर पड़ सकता है।

### युद्ध का समाधान नहीं दिख रहा

*ईरान के खिलाफ अमेरिका-इजरायल के नेतृत्व वाला युद्ध अपने तीसरे महीने में है और इसका कोई समाधान होता नहीं दिख रहा है। इस युद्ध ने वैश्विक तेल की कीमतें बढ़ा दी हैं, जो भारत के लिए अच्छा संकेत नहीं है, खासकर इसलिए क्योंकि भारत अपनी 80-85% जरूरतें पूरी करने के लिए कच्चे तेल के आयात पर निर्भर है। केंद्रीय बैंक के अनुसार, कच्चे तेल की कीमतों में 10% की बढ़ोतरी से आर्थिक विकास 15 बेसिस पॉइंट कम हो जाता है और महंगाई 30 बेसिस पॉइंट बढ़ जाती है।*

### पीएम मोदी सोना न खरीदने के लिए क्यों कह रहे हैं ?

मोदी की टिप्पणियों के असर को समझने के लिए, यह समझना जरूरी है कि सोना खरीदने का भारतीय अर्थव्यवस्था पर क्या असर पड़ता है। यह कोई राज नहीं है कि भारतीयों को लंबे समय से सोने से खास लगाव है। हम दुनिया के सबसे बड़े उपभोक्ताओं में से एक हैं; हम अपनी घरेलू मांग का 90% से ज्यादा हिस्सा पूरा करने के लिए आम तौर पर हर साल 700-800 टन सोना आयात करते हैं। 2025-26 में, सोने का आयात 24% बढ़कर $71.98 बिलियन के अब तक के सबसे ऊँचे स्तर पर पहुँच गया। 2024-25 में सोने का आयात $58 बिलियन था। 2023-24 में यह $45.54 बिलियन और 2022-23 में $35 बिलियन था। इन कीमती धातुओं के आयात में हुई इस बढ़ोतरी ने 2025-26 के दौरान देश के व्यापार घाटे को $333.2 बिलियन तक पहुँचा दिया है।

## LABA 2026: फैशन ट्रेंड्स के साथ व्यापारिक अवसरों की बौछार

लुधियाना/यूटर्न/11 मई। जालंधर बाईपास स्थित वैस्टर्न एड्रेस रिजॉर्ट में आयोजित Ludhiana Apparel Brands Association की तीन दिवसीय 'बायर्स एंड सेलर्स मीट-2026' के दूसरे दिन के अंत तक करीब 2 हजार विजिटर्स ने शिरकत की। आयोजन में दिल्ली, उत्तर प्रदेश, हिमाचल प्रदेश, जम्मू-कश्मीर और पंजाब से आए खरीदारों की उल्लेखनीय उपस्थिति रही।

विंटर वियर उद्योग को समर्पित इस बी2बी मीट में लगभग 30 प्रमुख रिटेल ब्रांड्स ने अपने आगामी विंटर कलेक्शन का प्रदर्शन किया। निमार्ताओं, ब्रांड्स और डीलरों की सक्रिय भागीदारी से व्यापारिक माहौल उत्साहपूर्ण नजर आया।

LABA के चेयरमैन गुरप्रीत सिंह और प्रधान आकाश बंसल ने बताया कि यह प्रदर्शनी न केवल आगामी विंटर सीजन के लिए नए व्यापारिक अवसर पैदा कर रही है, बल्कि फैशन ट्रेंड्स तय करने में भी अहम भूमिका निभा रही है। उन्होंने कहा कि लुधियाना विंटर फैशन इंडस्ट्री का प्रमुख केंद्र है और ऐसे आयोजनों से टेक्सटाइल के साथ-साथ पर्यटन व अन्य क्षेत्रों को भी बढ़ावा मिलता है।

तीन दिवसीय इस आयोजन में मेंस, लेडीज और किड्स वियर के नवीनतम डिजाइन, आधुनिक पैटर्न और आकर्षक रंग संयोजन खरीदारों को आकर्षित कर रहे हैं। विभिन्न राज्यों से पहुंचे डीलर ब्रांड्स के साथ नए व्यापारिक समझौतों को लेकर खास रुचि दिखा रहे हैं। आयोजकों के अनुसार, यह मंच नेटवर्किंग, नए बाजारों की तलाश और उद्योग को राष्ट्रीय स्तर पर मजबूती देने में महत्वपूर्ण साबित होगा।







## सोमनाथ स्वाभिमान पर्व में शामिल हुए सीएम नायब सिंह सैनी, विरासत से जुड़ने का दिया संदेश



चंडीगढ़/यूटर्न/11 मई। हरियाणा के मुख्यमंत्री Nayab Singh Saini ने कहा कि सोमनाथ मंदिर केवल एक धार्मिक स्थल नहीं, बल्कि भारत की सनातन चेतना, अटूट आस्था और राष्ट्रीय स्वाभिमान का अमर प्रतीक है। वे कुरुक्षेत्र के पिहोवा स्थित श्री संगमेश्वर महादेव मंदिर अरुणाय में आयोजित 'सोमनाथ स्वाभिमान पर्व' के राज्यस्तरीय कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री Narendra Modi के नेतृत्व में नया भारत विकास और विरासत को साथ लेकर आगे बढ़ रहा है। उन्होंने युवाओं से देश की सांस्कृतिक, आध्यात्मिक और ऐतिहासिक विरासत से जुड़ने का आह्वान किया। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री को मंदिर समिति और संत समाज द्वारा सम्मानित किया गया। श्रद्धालुओं ने सोमनाथ मंदिर में आयोजित कार्यक्रम का सीधा प्रसारण भी देखा, जिसमें प्रधानमंत्री ने विशेष पूजा कर देशवासियों को संबोधित किया। मुख्यमंत्री ने बताया कि सोमनाथ मंदिर के पुनर्निर्माण के 75 वर्ष पूरे होने पर यह पर्व 11 जनवरी 2026 से 11 जनवरी 2027 तक मनाया जाएगा। उन्होंने यह भी घोषणा की कि मुख्यमंत्री तीर्थ यात्रा योजना के तहत 8 जून को हरियाणा से सोमनाथ के लिए विशेष ट्रेन रवाना की जाएगी, जिससे वरिष्ठ नागरिकों और आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग को लाभ मिलेगा।

RNI NO PUNBIL/2014/59416

UTURNTIME.COM

# यूटर्न टाइम

The Good, Bad and Ugly of India

FOLLOW US ON @UTURNTIMENEWS

## चंडीगढ़ के धनास में 17 वर्षीय लड़की ने की आत्महत्या, घर में अकेली थी किशोरी

चंडीगढ़/यूटर्न/11 मई। धनास स्थित ईडब्ल्यूएस कॉलोनी में सोमवार को एक 17 वर्षीय किशोरी संदिग्ध परिस्थितियों में फंदे से लटकी मिली। मृतका की पहचान खुशबू के रूप में हुई है, जो हाल ही में दसवीं कक्षा पास करने के बाद अपने रिश्तेदारों के साथ रह रही थी। जानकारी के अनुसार परिवार के सदस्य बेटे के इलाज के सिलसिले में सेक्टर-22 की डिस्पेंसरी गए हुए थे। इसी दौरान परिवार का एक सदस्य रवि स्कूल से घर लौटा। उसने देखा कि घर अंदर से बंद है। काफी देर तक दरवाजा खटखटाने और आवाज लगाने के बावजूद जब कोई जवाब नहीं मिला तो उसने अपने मामा रविंदर को फोन कर जानकारी दी। सूचना मिलते ही रविंदर तुरंत घर पहुंचे। परिवार ने दरवाजा खोलने की कोशिश की, लेकिन सफलता नहीं मिलने पर दरवाजा तोड़ दिया गया।

VOL: 11 | ISSUE 121 | TUESDAY 12-05-2026 | RS-03 | PAGE-12 | PUBLISHED BY: LUDHIANA | HINDI DAILY NEWSPAPER Visit at : www.uturntime.com

# कैबिनेट मंत्री के पद पर कइयों की थी गिद्ध दृष्टि, लेकिन सपने टूटे, संजीव अरोड़ा के विभाग अन्य मंत्रियों को अलॉट

अशोक सहगल

लुधियाना/यूटर्न/11 मई। पंजाब सरकार की कैबिनेट मंत्री संजीव अरोड़ा को ईडी द्वारा गिरफ्तार करने के बाद कई नेताओ ने दिन में भी सपने देखने आरंभ कर दिए थे। परंतु यह सपने उस वक्त टूट गए, जब सरकार ने संजीव अरोड़ा के मंत्री पद दूसरे मंत्रियों को अलॉट कर दिये। उल्लेखनीय कि संजीव अरोड़ा के पास पावरकॉम, स्थानीय सरकार इंडस्ट्री तथा कॉमर्स तथा इन्वेस्टमेंट पंजाब जैसे महत्वपूर्ण विभाग थे। जैसे ही उनकी गिरफ्तारी हुई शहर में चर्चा का बाजार गर्म हो गया कि अगर संजीव अरोड़ा स्वयं इस्तीफा देते हैं अथवा सरकार उन्हें इस्तीफा देने के लिए कहती है तो इन चार पदों पर किसे बैठाया जाएगा। चचाओं के अनुसार ऐसे में कई नेताओं ने पार्टी में अपनी गोटिया बिठाने के लिए अभी से कोशिशे शुरू कर दी है, ताकि उनकी छवि को साफ मानकर उन्हें इनमें से कोई पद मिल जाए। हालांकि पिछले दिनों एक विधायक भ्रष्टाचार के आरोपी के तहत लाइमलाइट में आया तो कई अन्य भी आरोपो से बच नहीं पाए। लोगों में इस बात की चर्चा ए आम है की कोई पावर मिनिस्टर बनने का सपना देख रहा था तो कोई स्थानीय सरकार को कैसे चलाया जाएगा, इस पर दिमागी घोड़े दौड़ा रहा है बताया जाता है कि कईयो ने तो आपस में कलोले भी शुरू कर दी है कौन सा विधायक किस पद के लिए उपयुक्त है यह भी बहस का मुद्दा बना हुआ था।









## किसे सौंपा गया कौन सा विभाग

जबकि दूसरी और देर शाम पंजाब में ईडी द्वारा कैबिनेट मंत्री संजीव अरोड़ा को गिरफ्तार किए जाने के बाद अब उनके विभागों को तीन मंत्रियों को सौंपे गए है। कैबिनेट मंत्री तरुणप्रीत सिंह सौंध को पावर विभाग की जिम्मेदारी दी गई। जबकि शिक्षामंत्री हरजोत सिंह बैंस को लोकल बॉडी विभाग सौंपा गया। इसी उद्योग विभाग की जिम्मेदारी मंत्री अमन अरोड़ा को दी गई है। इस संबंधी मे आदेश जारी कर दिए गए है। बताया जाता है कि जो विभाग संजीव अरोड़ा को अलाट किया गए थे उनके लिए समय रहते कोई उपयुक्त 'वर' नहीं मिला था। जहां तक पार्टी के विधायकों की इन पदों के लिए सपने देखने को लेकर सिलसिला चला था वह चकनाचूर हो गया है। यह भी कहा जाता है कि सरकार के पास सभी विधायकों का लेखा-जोखा रखा हुआ है हर विधायक की फाइल बनी हुई है ऐसे में कौन विधायक कितना डिजर्व करता है यह सरकार को पहले ही पता है। ऐसे में चचाओं में शामिल होने वालों का क्या बनेगा यह वक्त बताएगा।

## पार्टी को हुआ नुकसान

लोगों का मानना है कि संजीव अरोड़ा की गिरफ्तारी के बाद आम आदमी पार्टी को काफी नुकसान हुआ है। भले ही संजीव अरोड़ा राजनीति के मंजे हुए लीडर नहीं हैं, पर फिर भी उन्होंने थोड़े समय में अपनी छवि जनता में काफी अच्छी बना ली थी वो इंडस्ट्रिलिस्ट हैं और उसकी के बल पर राज्यसभा गए। पार्टी के केंद्रीय नेतृत्व से नजदीकियां बढ़ी और  और वह पंजाब में पार्टी में और सरकार में दोनों जगह दूसरे नंबर पर पहुंच गए। राज्य में वह लोगों की समस्याओं को लेकर केंद्रीय लीडरों तक पहुंच करते थे ऐसे में पार्टी नेतृत्व ना तो इस्तीफा के लिए कह सकता है और ना ही उन्हें हटाने के मूड में दिखाई देता है इसके विपरीत सपने लेने वाले नेताओं पर कार्रवाई हो सकती है।

## सरकारी कमेटियों के २२ प्रमुख भी रडार पर

*राजनीतिक हलकों में विपक्षी पार्टियों मे अभी से आप के विरुद्ध आरोपो की झड़ी लगाई हुई है अब कहां जा रहा है कि मौजूदा सरकार ने जो कमेटियां बनाई थी उसके अध्यक्ष भी ईडी व अन्य जांच एजेंसियों के रडार पर है। जिन पर कभी भी कार्रवाई शुरू हो सकती है। ऐसे अध्यक्षों की संख्या 22 बताई जाती है इसके अलावा कुछ विधायको को भी इसमें शामिल किया जा सकता है।*

## जालंधर के एक बिल्डर पर हो सकती है कार्रवाई

*जालंधर के एक बिल्डर जो संजीव अरोड़ा की काफी करीबी रहे हैं पर भी जांच एजेंसिया उन्हें कभी भी जवाब तलबी के लिए बुला सकती हैं इस बात की चर्चा के साथ लोग उक्त बिल्डर से दूरियां बनाकर चल रहे हैं क्योंकि उन पर भी कई तरह के आरोप लोग लगा रहे हैं ।*

## पनीर में मिलावटखोरी की जांच के लिए 10 सैंपल भरे

सहगल

लुधियाना, यूटर्न 11 मई। स्वास्थ्य विभाग की फूड सेफ्टी टीम द्वारा दूध और दूध से बने खाद्य पदार्थों की जांच के तहत जिले के अलग-अलग स्थानों से पनीर के 10 सैंपल लिए हैं इन सैंपलों की जांच के लिए उन्हें लैब में भेजा जा रहा है।जिला स्वास्थ्य अधिकारी ने बताया कि यह सैंपल पखोवाल रोड, फूलांवाला, ललतों, गिल और अन्य इलाकों में स्थित डेयरियों और पनीर बनाने वाली फैक्ट्रियों से एकत्र किए गए। जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आशीष चावला ने बताया कि दूध और पनीर जैसे खाद्य पदार्थ लोगों के दैनिक आहार का महत्वपूर्ण हिस्सा हैं, इसलिए उनकी गुणवत्ता से किसी भी प्रकार का समझौता बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि फूड सेफ्टी टीम द्वारा नियमित रूप से ऐसी जांच मुहिम चलाई जा रही है ताकि लोगों तक सुरक्षित और मानक गुणवत्ता वाली खाद्य सामग्री पहुंच सके। सभी सैंपल जांच के लिए सरकारी लैबोरेटरी में भेज दिए गए हैं। लैब रिपोर्ट आने के बाद फूड सेफ्टी एंड स्टैंडर्ड एक्ट और संबंधित नियमों के तहत उचित कानूनी कार्रवाई की जाएगी।








Uturn Time 12 May 2026_Layout 2 11-05-2026 23:14 Page 4



# ट्रैफिक पुलिस ने लौटाया महत्वपूर्ण दस्तावेजों और नकदी से भरा लावारिस बैग, वेस्टर्न कमांड कर्मचारी ने जताया आभार

पंचकूला/यूटर्न/11 मई। पंचकूला पुलिस लगातार कानून व्यवस्था बनाए रखने के साथ-साथ अपनी ईमानदारी, सतर्कता और जनसेवा की भावना से भी लोगों का विश्वास जीत रही है। इसी कड़ी में सूरजपुर ट्रैफिक थाना में तैनात पुलिस कर्मियों ने अपनी जिम्मेदारी का उत्कृष्ट परिचय देते हुए एक लावारिस बैग उसके वास्तविक मालिक तक सुरक्षित पहुंचाकर कर्तव्यनिष्ठा की मिसाल पेश की है। पुलिस प्रवक्ता के अनुसार सूरजपुर ट्रैफिक थाना में तैनात एसपीओ संजय को मॉर्निंग



ड्यूटी के दौरान एक लावारिस बैग मिला। ड्यूटी के प्रति सतर्कता एवं जिम्मेदारी दिखाते हुए उन्होंने बिना किसी देरी के उक्त बैग को थाना में जमा करवाया, जिसे आगे की कार्रवाई हेतु कांस्टेबल पवन के सुपुर्द किया गया। सूरजपुर ट्रैफिक एसएचओ पीएसआई अभिषेक की टीम द्वारा बैग में मौजूद दस्तावेजों एवं संपर्क विवरण के आधार पर बैग मालिक का पता लगाने के लिए तत्परता से प्रयास किए गए। जांच के दौरान बैग में चेक बुक, पास बुक, एटीएम कार्ड, पैन कार्ड, अन्य महत्वपूर्ण दस्तावेजों के साथ कुछ नकदी राशि भी बरामद हुई। जांच उपरांत बैग मालिक की पहचान विकास चांदले निवासी चंडी मंदिर के रूप में हुई, जो हेडक्वार्टर वेस्टर्न कमांड में क्लर्क के पद पर कार्यरत हैं। एसीपी ट्रैफिक सुरेन्द्र सिंह ने बताया कि पुलिस द्वारा पूरी सत्यापन प्रक्रिया पूरी करने के पश्चात बैग एवं उसमें रखा समस्त सामान सही सलामत एवं सुरक्षित अवस्था में उसके वास्तविक मालिक को सौंप दिया गया। अपना खोया हुआ बैग एवं जरूरी दस्तावेज सुरक्षित वापस मिलने पर विकास चांदले ने पंचकूला पुलिस, विशेष रूप से एसपीओ संजय एवं कांस्टेबल पवन का धन्यवाद व्यक्त करते हुए उनकी ईमानदारी और कर्तव्यनिष्ठा की सराहना की।

# एस्टीम कार चोरी मामले में दूसरा आरोपी गिरफ्तार, पहले से दर्ज हैं 3 चोरी के केस

पंचकूला/यूटर्न/11 मई। वाहन चोरी की घटनाओं पर कार्रवाई करते हुए पंचकूला पुलिस ने एस्टीम कार चोरी मामले में फरार चल रहे दूसरे आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान बलविंदर उर्फ छोटा निवासी मोहाली, पंजाब के रूप में हुई है। आरोपी के खिलाफ पहले से पिंजौर और मोहाली में चोरी के तीन मामले दर्ज हैं। पुलिस प्रवक्ता के अनुसार 23 अप्रैल को कालका थाना में एक महिला ने शिकायत दर्ज करवाई थी कि उनके पति ने 22 अप्रैल की रात अपनी मारुति एस्टीम कार घर के बाहर खड़ी की थी। अगले दिन सुबह कार गायब मिली। परिवार ने अपने स्तर पर तलाश की, लेकिन कोई सुराग नहीं मिलने पर पुलिस को शिकायत दी गई। इसके बाद थाना कालका



में वाहन चोरी का मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई। मामले की जांच एएसआई प्रदीप द्वारा की गई। थाना प्रभारी इंस्पेक्टर मनसा राम के नेतृत्व में पुलिस टीम ने तकनीकी जांच और गुप्त सूचना के आधार पर पहले आरोपी जसविंद्र सिंह निवासी जिला मोहाली को चोरी की गई कार सहित गिरफ्तार किया था। पूछताछ के दौरान दूसरे आरोपी बलविंदर उर्फ छोटा का नाम सामने आया। लगातार छापेमारी के बाद पुलिस ने अब दूसरे आरोपी को भी गिरफ्तार कर लिया। एसीपी विक्रम नेहरा ने बताया कि आरोपी के खिलाफ पहले से दो मामले पिंजौर और एक मामला मोहाली में दर्ज है। आरोपी को अदालत में पेश कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। उन्होंने कहा कि पंचकूला पुलिस वाहन चोरी की घटनाओं पर रोक लगाने के लिए लगातार सक्रियता से कार्रवाई कर रही है।

# भाजपा दफ्तर पर नकाबपोशों का हमला, डेराबस्सी में गरमाई सियासत

## पोस्टरों पर फेंकी स्याही और पेंट, CCTV में कैद हुए पांच युवक

जीरकपुर/यूटर्न/11 मई। पंजाब में नगर काउंसिल चुनावों की सरगर्मियों के बीच जीरकपुर स्थित भारतीय जनता पार्टी कार्यालय में हुए हमले ने डेराबस्सी हलके की राजनीति को गर्मा दिया है। देर शाम पांच नकाबपोश युवक भाजपा कार्यालय में घुस



आए और वहां लगे पोस्टरों, बैनरों तथा नेताओं की तस्वीरों पर स्याही और पेंट फेंककर हंगामा किया। घटना के बाद भाजपा नेताओं ने इसे लोकतंत्र पर हमला बताते हुए पंजाब सरकार पर निशाना साधा है, जबकि पुलिस ने मामले की जांच तेज कर दी है।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार सभी युवक मास्क और मुंह ढककर कार्यालय में दाखिल हुए। उन्होंने दफ्तर के अंदर लगे भाजपा नेताओं के पोस्टरों और दीवारों को निशाना बनाया। हमलावरों ने भाजपा के वरिष्ठ नेता गुरदर्शन सिंह सैनी की तस्वीर पर भी स्याही और पेंट फेंका। घटना के दौरान कार्यालय में मौजूद कार्यकर्ताओं में अफरा-तफरी मच गई।








बताया जा रहा है कि आरोपियों ने कुछ देर तक नारेबाजी भी की और फिर मौके से फरार हो गए। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज कब्जे में ले ली। शुरूआती जांच में पांच युवक कार्यालय की ओर आते और घटना के बाद वापस जाते दिखाई दे रहे हैं। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि फुटेज के आधार पर आरोपियों की पहचान की जा रही है और जल्द गिरफ्तारी की जाएगी।

भाजपा के वरिष्ठ नेता गुरदर्शन सिंह सैनी ने घटना को राजनीतिक साजिश करार दिया। उन्होंने कहा कि डेराबस्सी हलके में भाजपा लगातार मजबूत हो रही है, जिसे विरोधी दल बर्दाश्त नहीं कर पा रहे। सैनी ने आरोप लगाया कि जिस तरह दिल्ली में राजनीतिक स्टंट किए गए, उसी प्रकार पंजाब में भी माहौल खराब करने की कोशिश की जा रही है। उन्होंने कहा कि पंजाब सरकार कानून-व्यवस्था बनाए रखने में पूरी तरह विफल साबित हो रही है और प्रदेश में गुंडागर्दी बढ़ती जा रही है।

भाजपा नेताओं ने कहा कि राजनीतिक विरोधियों को डराने और दबाव बनाने के लिए इस तरह की घटनाएं करवाई जा रही हैं। नेताओं ने आरोप लगाया कि पंजाब में कानून-व्यवस्था लगातार बिगड़ रही है, जिससे आम लोगों में भी भय का माहौल है।

# पंचकूला में नाबालिग के अपहरण का खुलासा: बर्खास्त दिल्ली पुलिस कर्मी गिरफ्तार, बच्चा सकुशल बरामद



पंचकूला/यूटर्न/11 मई। पंचकूला पुलिस ने त्वरित कार्रवाई और सतर्कता का परिचय देते हुए नाबालिग बच्चे के अपहरण के मामले का चंद घंटों में खुलासा कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने अपहृत बच्चे को सकुशल बरामद कर उसके परिजनों के हवाले कर दिया है। आरोपी की पहचान रविन्द्र कुमार यादव के रूप में हुई है, जो राजस्थान के झुंझुनू जिले का रहने वाला है और दिल्ली पुलिस से बर्खास्त कर्मचारी बताया जा रहा है। जानकारी के अनुसार 10 मई 2026 को तड़के करीब साढ़े तीन बजे डायल-112 पर एक ऑटो चालक ने




सूचना दी कि माजरी चौक के पास एक सफेद रंग की हुंडई ऑरा कार में एक व्यक्ति 13-14 वर्षीय बच्चे को जबरदस्ती बैठाकर ले गया है। शिकायतकर्ता ने बताया कि बच्चे के विरोध और चिल्लाने पर आसपास मौजूद लोगों को शक हुआ, लेकिन आरोपी मौके से फरार हो गया।

सूचना मिलते ही पंचकूला पुलिस की ईआरवी-534 टीम ने कार्रवाई शुरू की। टीम में तैनात मुख्य सिपाही रामचन्द्र, एसपीओ राजेन्द्र सिंह और होमगार्ड असगर अली ने मुस्तैदी दिखाते हुए आरोपी को कुछ ही घंटों में रामगढ़ क्षेत्र से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने बच्चे को भी सकुशल बरामद कर लिया। जांच के दौरान सामने आया कि आरोपी ने वारदात में इस्तेमाल की गई हुंडई ऑरा कार पर फर्जी नंबर प्लेट लगाई हुई थी। पुलिस जांच में वाहन का असली नंबर राजस्थान का निकला और कार जयपुर से चोरी की गई पाई गई। वाहन मालिक द्वारा जयपुर में चोरी का मामला पहले से दर्ज कराया गया था।

पुलिस के अनुसार आरोपी वर्ष 2010 में दिल्ली पुलिस में सिपाही के पद पर भर्ती हुआ था, लेकिन वर्ष 2023 में उसे विभाग से बर्खास्त कर दिया गया था। मामले की जांच सैक्टर-1 चौकी में तैनात एएसआई निर्मल कर रहे हैं। एसीपी विक्रम नेहरा ने बताया कि आरोपी ने पूरी साजिश के तहत नकली नंबर प्लेट का इस्तेमाल किया था। वाहन से मिर्च स्प्रे सहित अन्य संदिग्ध सामान भी बरामद हुआ है, जिससे मामले में और खुलासे होने की संभावना है। उन्होंने बताया कि अपहृत बच्चा पंजाब के एक परिवार से संबंधित है, जो वर्तमान में पंचकूला में रह रहा है। पुलिस ने आरोपी को अदालत में पेश कर तीन दिन के पुलिस रिमांड पर लिया है, ताकि मामले से जुड़े अन्य पहलुओं और संभावित आपराधिक गतिविधियों के बारे में गहन पूछताछ की जा सके।

चंड़ीगढ़

यूटर्न टाइम

The Good, Bad and Ugly of India

III मंगलवार, 12 मई 2026



पेज 12 डड्डूमाजरा डंपिंग ग्राउंड पर लगातार बढ़ रहा खर्च...

# चंडीगढ़ प्रदेश कांग्रेस ने कीं जनसभाएं, मेयर को उनके ही वार्ड में घेरा

## भाजपा शासित नगर निगम विकास और जनहित के हर मोर्चे पर विफल-एच.एस. लक्की





चंडीगढ़/यूटर्न/11 मई। चंडीगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा शहर के विभिन्न क्षेत्रों में तीन बड़ी जनसभाओं का आयोजन किया गया। ये जनसभाएं सेक्टर-15, डड्डू माजरा कॉलोनी तथा मलोआ स्मॉल फ्लैट्स में आयोजित की गई, जिनमें बड़ी संख्या में स्थानीय लोगों, कांग्रेस कार्यकताओं और वरिष्ठ नेताओं ने भाग लिया। जनसभाओं को संबोधित करते हुए चंडीगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष एच.एस. लक्की ने भाजपा शासित नगर निगम और मेयर पर तीखा हमला बोला और कहा कि आज हालात ऐसे हैं कि मेयर अपने ही वार्ड में जनता को बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध करवाने में नाकाम साबित हुए हैं। एच.एस. लक्की ने कहा कि भाजपा नेताओं द्वारा आज कुछ एक सड़कों की रीकार्पेटिंग को बड़ी उपलब्धि और विकास के रूप में प्रस्तुत किया जा रहा है, जबकि सच्चाई यह है कि कांग्रेस शासन के दौरान जो सड़कें नियमित रूप से पांच वर्षों में बन जाया करती थीं, आज वही सड़कें आठ से नौ वर्षों बाद भी बदहाल स्थिति में पड़ी हैं। उन्होंने कहा कि मेयर के अपने वार्ड में भी ऐसा कोई बड़ा विकास कार्य, नई योजना या नया प्रोजेक्ट दिखाई नहीं देता जिससे यह लगे कि शहर को कोई दूरदर्शी नेतृत्व मिल रहा है। डड्डू माजरा और मलोआ स्मॉल फ्लैट्स में आयोजित सभाओं के दौरान लक्की ने कहा कि आज देश और शहर दोनों महंगाई की मार झेल रहे हैं। रसोई गैस, पेट्रोल और डीजल के बढ़ते दामों ने आम आदमी की कमर तोड़ दी है। उन्होंने कहा कि कमर्शियल एलपीजी सिलेंडरों के दामों में भारी बढ़ोतरी कर दी गई है और प्रधानमंत्री के हालिया संबोधन के बाद यह आशंका और बढ़ गई है कि आने वाले दिनों में घरेलू एलपीजी, पेट्रोल और डीजल की कीमतों में भी बढ़ोतरी की जा सकती है। उन्होंने कहा कि डड्डू माजरा में कूड़े के पहाड़ को हटाने के लिए नगर निगम द्वारा बार-बार डेडलाइन दी गई, लेकिन हर बार निगम अपनी घोषणाओं पर विफल साबित हुआ।

# CM भगवंत मान के चचेरे भाई ज्ञान सिंह मान BJP में शामिल, नायब सैनी और सुनील जाखड़ ने कराई जॉइनिंग



चंडीगढ़/यूटर्न/11 मई। पंजाब की राजनीति में सोमवार को बड़ा सियासी घटनाक्रम देखने को मिला। पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान के चचेरे भाई ज्ञान सिंह मान भारतीय जनता पार्टी में शामिल हो गए। चंडीगढ़ स्थित भाजपा कार्यालय में हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी और पंजाब भाजपा अध्यक्ष सुनील जाखड़ ने उन्हें पार्टी की सदस्यता दिलाई।

ज्ञान सिंह मान आम आदमी पार्टी के पुराने और सक्रिय कार्यकर्ताओं में गिने जाते रहे हैं। वह लोकसभा और विधानसभा चुनावों में आम आदमी पार्टी के कैंपेन इंचार्ज की जिम्मेदारी संभाल चुके हैं। उनकी भाजपा में एंट्री को पंजाब, खासकर मालवा बेल्ट में भाजपा के लिए बड़ा राजनीतिक संदेश माना जा रहा है। संगरूर जिले के गांव सतौज निवासी ज्ञान सिंह मान ने अपने राजनीतिक सफर की शुरूआत वर्ष 2012 के विधानसभा चुनाव से की थी। वर्ष 2013 में आम आदमी पार्टी के गठन के समय से ही वह संगठन को मजबूत करने में सक्रिय रहे। इसके बाद 2014 से 2022 तक उन्होंने संगरूर सांसद कार्यालय के प्रभारी के रूप में काम किया।

वर्ष 2022 के पंजाब विधानसभा चुनाव में उन्होंने मुख्यमंत्री भगवंत मान के विधानसभा क्षेत्र धुरी में कार्यालय प्रभारी के तौर पर अहम भूमिका निभाई थी। पार्टी संगठन और चुनावी रणनीति में उनकी सक्रिय भागीदारी को देखते हुए उन्हें अअढ का मजबूत जमीनी चेहरा माना जाता था। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि निकाय चुनावों से पहले ज्ञान सिंह मान का भाजपा में शामिल होना आम आदमी पार्टी के लिए झटका साबित हो सकता है। भाजपा इसे पंजाब में अपने संगठन विस्तार और मालवा क्षेत्र में पकड़ मजबूत करने के तौर पर देख रही है।

# 700 करोड़ बैंक घोटाले में नया मोड़: CBI जांच के बाद भी खातों को 'अनफ्रीज' कराने की कोशिश पर हाईकोर्ट सख्त

अजीत झा



चंडीगढ़/यूटर्न/11 मई। आईडीएफसी फर्स्ट बैंक की सेक्टर-32 शाखा से जुड़े करीब 700 करोड़ रुपये के कथित बैंकिंग घोटाले की जांच को लेकर पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट में सोमवार को अहम सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान अदालत ने चंडीगढ़ पुलिस और यूटी प्रशासन की भूमिका पर गंभीर नाराजगी जताई और पूछा कि जब मामला पहले ही सीबीआई को सौंपा जा चुका था, तब स्थानीय स्तर पर खातों से फ्रीज हटाने संबंधी पत्र क्यों जारी किए गए। कोर्ट में बैंक की ओर से बताया गया कि 27 अप्रैल को गृह मंत्रालय की मंजूरी के बाद मामले से जुड़ी एफआईआर और जांच सीबीआई को ट्रांसफर कर दी गई थी। इसके बाद केंद्रीय एजेंसी ने नियमित केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी। बावजूद इसके, 2 मई और 8 मई को चंडीगढ़ पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा द्वारा कुछ बैंकों को ऐसे पत्र भेजे गए, जिनमें खातों पर लगे लियन और फ्रीज हटाने की बात कही गई।

बैंक ने अदालत को बताया कि जिन खातों को राहत देने की कोशिश हुई, वे कथित तौर पर उसी नेटवर्क से जुड़े थे जिनके माध्यम से करोड़ों रुपये के लेनदेन हुए। बैंक के अनुसार, जांच के दौरान ऐसे खातों से प्रतिबंध हटना वित्तीय सुरक्षा के लिए बड़ा खतरा बन सकता था और इससे रकम निकाले जाने की आशंका बढ़ जाती। सुनवाई में यह भी सामने आया कि मामले में करीब 50 से 70 बैंक खाते जांच के घेरे में हैं और कुल रकम लगभग 700 करोड़ रुपये तक पहुंच सकती है। इस पर हाईकोर्ट ने टिप्पणी करते हुए कहा कि जब जांच एजेंसी बदल चुकी है और सीबीआई जांच संभाल रही है, तब स्थानीय पुलिस की भूमिका सीमित हो जाती है। अदालत ने यूटी प्रशासन से स्पष्ट जवाब मांगा कि जांच ट्रांसफर होने के बाद ऐसे पत्र जारी करने का कानूनी आधार क्या था। कोर्ट ने प्रशासन के वकील को निर्देश दिए कि अगली सुनवाई में 2 मई और 8 मई को जारी पत्रों को लेकर विस्तृत जवाब पेश किया जाए।

बैंक की ओर से सुप्रीम कोर्ट के हालिया फैसलों का हवाला भी दिया गया। दलील दी गई कि साइबर फ्रॉड और डिजिटल अरेस्ट जैसे मामलों में संदिग्ध रकम को बिना एफआईआर के भी फ्रीज किया जा सकता है और ऐसी रकम की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता मानी गई है। अब अगली सुनवाई में हाईकोर्ट यह तय करेगा कि सीबीआई जांच शुरू होने के बाद चंडीगढ़ पुलिस और प्रशासन की कार्रवाई अधिकार क्षेत्र से बाहर थी या नहीं।

# राष्ट्रीय NRP दिवस पर डीएमसी एंड एच में नवजात पुनर्जीवन प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित



लुधियाना/यूटर्न/11 मई। डीएमसी एंड एच के बाल रोग विभाग द्वारा राष्ट्रीय नवजात पुनर्जीवन कार्यक्रम (NRP) दिवस के अवसर पर एक महत्वपूर्ण प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में लगभग 90 स्टाफ नर्सों ने भाग लिया और नवजात शिशुओं के पुनर्जीवन से जुड़ी व्यावहारिक तकनीकों का प्रशिक्षण प्राप्त किया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य जन्म के समय सांस न आने की समस्या (बर्थ एस्फिक्सिया) की रोकथाम और आपातकालीन परिस्थितियों में जीवनरक्षक कौशल को मजबूत करना था।

कार्यक्रम का नेतृत्व डॉ. कमल अरोड़ा, प्रोफेसर, बाल रोग विभाग द्वारा किया गया, जो नेशनल नियोनेटोलॉजी फोरम ऑफ इंडिया और पंजाब एनएनएफ चैप्टर के सहयोग से आयोजित हुआ। यह पहल देशभर में चलाए जा रहे अभियान का हिस्सा है, जिसे एनएनएफ इंडिया के अध्यक्ष डॉ. लालन कुमार भारती और सचिव डॉ. अमित उपाध्याय के मार्गदर्शन में संचालित किया जा रहा है।

इस अवसर पर डीएमसी एंड एच मैनेजिंग सोसायटी के सचिव श्री बिपिन गुप्ता ने विभाग को बधाई देते हुए कहा कि इस प्रकार के प्रशिक्षण कार्यक्रम नवजात शिशुओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने और स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता को बेहतर बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने नर्सिंग स्टाफ और फैकल्टी के प्रयासों की सराहना की।

# वृंदावन से पधारे श्री हरिदासी जी महाराज ने हरिनाम संकीर्तन से भक्तों को किया भाव-विभोर



लुधियाना/यूटर्न/11 मई। सिविल लाइन स्थित श्री सिद्ध पीठ श्री दंडी स्वामी मंदिर में साप्ताहिक हरिनाम संकीर्तन का आयोजन श्रद्धा, भक्ति और उल्लास के साथ पंडित राज कुमार शर्मा की अध्यक्षता में किया गया। इस अवसर पर श्रीधाम वृंदावन से पधारे श्री हरिदासी जी महाराज ने अपनी मधुर वाणी और भक्ति रस से सराबोर भजनों के माध्यम से संगत को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस मौके पर पंडित राज कुमार शर्मा ने कहा कि जो जीव भजनों के माध्यम से श्री ठाकुर जी सरकार को रिझाता है, वह जीवन के हर संकट से पार हो जाता है। उन्होंने कहा कि श्री ठाकुर जी उन्हीं भक्तों को अपने चरणों में स्थान देते हैं, जिनकी भक्ति निष्कपट और प्रेममयी होती है। रसिक भक्त सदैव प्रभु के रस के भूखे होते हैं और हरिनाम में ही आनंद प्राप्त करते हैं। साप्ताहिक हरिनाम संकीर्तन में श्री सिद्ध पीठ परिवार के अश्वनी ग्रोवर, हरिपाल आहूजा, सोमनाथ बब्बू, संदीप लांबा, केशव जोशी, विशाल अरोड़ा, बृजमोहन ढींगरा, प्रिंस छाबड़ा, ललित शर्मा और कपिल शर्मा सहित अनेक श्रद्धालुओं ने हाजिरी लगाई। कार्यक्रम के अंत में सामूहिक आरती एवं प्रार्थना की गई तथा भक्तों में प्रसाद वितरित किया गया।

## रूह से रूबरू





चारू नागपाल

### मोदी जी के इशारों का क्या मतलब है?

हाल ही में प्रधानमंत्री मोदी जी द्वारा दिए गए कुछ बयानों और इशारों को लेकर लोगों के बीच कई तरह की चर्चाएँ हो रही हैं। खासकर जब उन्होंने सोना खरीदने को लेकर सावधानी बरतने और देश की आर्थिक स्थिति को मजबूत बनाने के लिए समझदारी से निवेश करने की बात कही, तो इसे केवल एक सामान्य सलाह नहीं बल्कि एक बड़े आर्थिक संदेश के रूप में देखा गया। भारत में सोना केवल गहनों तक सीमित नहीं है, बल्कि इसे बचत और सुरक्षा का प्रतीक माना जाता है। लेकिन जब लोग अत्यधिक मात्रा में सोना खरीदते हैं, तो देश का बड़ा पैसा विदेशी बाजारों में चला जाता है क्योंकि भारत अधिकतर सोना आयात करता है। इससे देश का व्यापार घाटा बढ़ सकता है। मोदी जी का इशारा इस ओर माना जा रहा है कि लोग अपने पैसे को केवल सोने में लगाने के बजाय उद्योग, व्यापार, स्टार्टअप और डिजिटल निवेश जैसे क्षेत्रों में लगाएँ ताकि देश की अर्थव्यवस्था मजबूत हो सके। इसके अलावा, उनके बयानों से आत्मनिर्भर भारत, घरेलू उत्पादन बढ़ाने और आर्थिक अनुशासन अपनाने का संदेश भी दिखाई देता है। कुल मिलाकर, मोदी जी के इशारे यह दर्शाते हैं कि सरकार जनता को भविष्य के आर्थिक हालात के प्रति जागरूक और जिम्मेदार बनाना चाहती है।

## कानूनी बात - निशांत प्रभाकर के साथ



निशांत प्रभाकर, एडवोकेट

**क्या Husband भी Maintenance मांग सकता है?**

Maintenance को अक्सर केवल महिलाओं का अधिकार समझा जाता है, लेकिन कुछ परिस्थितियों में पति भी कानूनी रूप से आर्थिक सहायता की मांग कर सकता है।

हिंदू विवाह अधिनियम (Hindu Marriage Act) के अंतर्गत, यदि पति आर्थिक रूप से कमजोर है और स्वयं अपना खर्च उठाने में सक्षम नहीं है, तो वह अदालत से maintenance pendente lite (केस के दौरान खर्च) या litigation expenses की मांग कर सकता है।

अदालत यह देखती है कि दोनों पक्षों की आय और आर्थिक स्थिति क्या है। यदि पत्नी की आय अधिक है और पति किसी कारणवश आय अर्जित करने में सक्षम नहीं है, तो अदालत परिस्थितियों के अनुसार राहत दे सकती है। हालांकि, सामान्यतः स्थायी maintenance (permanent alimony) के मामलों में महिलाओं को प्राथमिकता दी जाती है, क्योंकि कानून का उद्देश्य आर्थिक रूप से निर्भर पक्ष की सुरक्षा करना है।

यह भी ध्यान रखना जरूरी है कि केवल बेरोजगार होना पर्याप्त नहीं है। अदालत यह भी देखती है कि व्यक्ति काम करने में सक्षम है या जानबूझकर आय नहीं कमा रहा।

कई लोग यह मान लेते हैं कि कानून केवल महिलाओं के पक्ष में है, जबकि कुछ परिस्थितियों में पुरुषों को भी कानूनी राहत मिल सकती है।

निष्कर्ष: Maintenance का उद्देश्य जरूरतमंद पक्ष को आर्थिक सहायता देना है। परिस्थितियों के अनुसार, पति भी अदालत से maintenance या litigation expenses की मांग कर सकता है।

# पांच दिन से लापता नाबालिग का नहीं लगा सुराग

## मां की शिकायत पर अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ अपहरण का मामला दर्ज





जीरकपुर/यूटर्न/11 मई। जीरकपुर क्षेत्र से संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हुई नाबालिग लड़की का पांच दिन बाद भी कोई सुराग नहीं लग सका है। बेटी की तलाश में रिश्तेदारों और परिचितों के यहां भटकने के बाद आखिरकार परिजनों ने पुलिस का दरवाजा खटखटाया। मामले में पुलिस ने अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

लड़की की मां ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 5 मई को उसकी नाबालिग बेटी बिना कुछ बताए घर से चली गई थी। काफी देर तक वापस न लौटने पर परिवार ने उसकी तलाश शुरू की। परिजनों ने रिश्तेदारों, दोस्तों और जान-पहचान वाले लोगों से संपर्क किया, लेकिन लड़की के बारे में कोई जानकारी नहीं मिल सकी। परिवार की शिकायत के आधार पर जीरकपुर पुलिस ने अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ नाबालिग को बहला-फुसलाकर ले जाने के आरोप में मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस आसपास के इलाकों में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है।

साथ ही विभिन्न स्थानों पर छापेमारी और पूछताछ भी की जा रही है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है और लड़की को जल्द सुरक्षित बरामद करने के प्रयास जारी हैं। वहीं घटना के बाद परिवार का रो-रोकर बुरा हाल है और परिजन बेटी के सुरक्षित लौटने की उम्मीद लगाए बैठे हैं।

# मेडिकल होलसेलर के घर चली ताबड़तोड़ गोलियां, सीसीटीवी में कैद हुई वारदात



सीसीटीवी कैमरे में कैद हुए बदमाश



मामले की जानकारी देते हुए पीड़ित

लुधियाना/यूटर्न/11 मई। पॉश इलाके किचलू नगर के ब्लॉक-बी में रविवार रात बाइक सवार बदमाशों ने मेडिकल होलसेलर के घर पर फायरिंग कर दी। उन्होंने अंधाधुंध फायरिंग की मौके से फरार हो गए। परिवार वालों ने जब सीसीटीवी कैमरे देखें तो वारदात का पता चला। जिसके बाद चौकी किचलू नगर पुलिस को शिकायत दी गई। पूरी वारदात सीसीटीवी कैमरे में कैद हो चुकी है।

घटना उधम सिंह नगर मार्केट स्थित एंग्लो सायंस मेडिकल कॉर्पोरेशन के मालिक रमित कालरा के निवास पर हुई। पीड़ित कारोबारी रमित कालरा ने बताया कि उन्हें या उनके परिवार को पहले कभी कोई फिरौती या जान से मारने की धमकी नहीं मिली है। उन्होंने हैरानी जताते हुए कहा कि उनकी किसी के साथ कोई पुरानी रंजिश भी नहीं थी ऐसे में अचानक हुए इस हमले ने पूरे परिवार को खौफ में डाल दिया है। घटना की सूचना मिलते ही किचलू नगर इलाके की पुलिस और उच्च अधिकारी मौके पर पहुंचे। पुलिस ने घटनास्थल से गोलियों के खोल कब्जे में ले लिए हैं और सीसीटीवी फुटेज के आधार पर हमलावरों की पहचान की जा रही है।

Uturn Time 12 May 2026_Layout 2 11-05-2026 23:14 Page 7



# सीपी ऑफिस के बाहर भाजपा वर्करों का प्रदर्शन दौरान पुलिस से धक्का मुक्की, अज्ञात लोगों ने भाजपाइयों के मुँह पर फेंकी स्याही

लुधियाना/यूटर्न/11 मई। लुधियाना में रविवार को आम आदमी पार्टी के वर्करों द्वारा दुगरी रोड स्थित भारतीय जनता पार्टी के ऑफिस बाहर प्रदर्शन किया था। इस दौरान दोनों पार्टियों के वर्करों में झड़प भी हुई थी। उक्त मामले में कार्रवाई न होने के विरोध में सोमवार को भाजपा लीडर सीपी ऑफिस के बाहर प्रदर्शन करने पहुंचे। बड़ी संख्या में मौजूद भाजपा कार्यकताओं ने प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की। इस दौरान उन्होंने सीपी ऑफिस को ताला लगाने का प्रयास किया। जिस कारण उनकी मुलाजिमों के साथ धक्का मुक्की हुई। इस दौरान किसी ने भाजपा नेता गुरदेव शर्मा देबी के मुंह पर सिहाई फेंक दी। इस मौके पर तैनात भारी पुलिस बल ने उन्हें रोक दिया और उनके हाथों से चैन व ताला छीन लिया। इस कार्रवाई के बाद प्रदर्शनकारी भड़क उठे और पुलिस के साथ उनकी तीखी बहस और धक्का-मुक्की शुरू हो गई। कुछ समय के लिए मौके पर अफरा-तफरी जैसे हालात बन गए। पुलिस लगातार प्रदर्शनकारियों को पीछे हटाने की कोशिश करती दिखी।







## आप की गुंडागर्दी बर्दाश्त नहीं की जाएगी

*भाजपा नेता गुरदेव शर्मा देबी ने कहा कि आप पार्टी सरेआम पंजाब में गुंडागर्दी कर रही है। रविवार भी गुंडागर्दी की एक उदाहरण देखने को मिली है। लेकिन इसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। मेरे ऊपर दो अज्ञात युवकों ने सिहाई फेंकी है। जिस संबंधी पुलिस जांच कर रही है।*



## भाजपा नेताओं के मुंह पर फेंकी सिहाई

वहीं इस दौरान प्रदर्शन में भाजपा नेता गुरदेव शर्मा देबी भी शामिल हुए। वह इस दौरान साइड पर खड़े थे। तभी दो युवक आए और उन्होंने देबी के मुंह पर सिहाई फेंक दी। वे सिहाई पास में खड़े पूर्व पार्षद गुरदीप सिंह निट्ठू के कपड़ों पर भी पड़ गई। इस दौरान सिहाई फेंकने वाले दोनों युवक वहां से भागने लगे थे, लेकिन लोगों ने एक को पकड़ लिया, जबकि दूसरा भाग निकला।

# PSEB ने 10वीं क्लास का रिजल्ट किया घोषित, जिले के पहले तीन स्थान लड़कियों के नाम, 38 स्टूडेंट्स मेरिट लिस्ट में

लुधियाना/यूटर्न/11 मई। पंजाब स्कूल शिक्षा बोर्ड ने दसवीं कक्षा का परिणाम घोषित कर दिया है। बोर्ड की तरफ से जारी मेरिट सूची के अनुसार लुधियाना जिले में पहली तीन पोजिशन पर एक ही स्कूल की तीन लड़कियों ने कब्जा किया। तेजा सिंह स्वतंत्र मेमोरियल सीनियर सेकेंडरी स्कूल शिमलापुरी की रिद्धिमा बोस ने 643 अंक लेकर जिले में पहला स्थान हासिल किया है। रिद्धिमा बोस ने पंजाब भर में तीसरी रैंक हासिल की। इसी स्कूल की साची राय ने 642 अंक लेकर जिले में दूसरा और प्रदेश भर में चौथा रैंक हासिल किया। तीसरा स्थान भी इसी स्कूल की तरनप्रीत कौर ने 640 अंक लेकर हासिल किया। पंजाब स्कूल शिक्षा बोर्ड की मेरिट सूची में सबसे ज्यादा 38 स्टूडेंट लुधियाना के हैं, लेकिन इस बार रिजल्ट के मामले में जिला सबसे फिसड्डी रहा। लुधियाना जिले का रिजल्ट 89.20 प्रतिशत रहा, जिसकी वजह से जिलेवार रिजल्ट में शहर सबसे आखिर में 23 वें नंबर पर रहा।



98.92 प्रतिशत अंक लेकर रीधिमा बॉस ने शहर में पहला स्थान हासिल किया



सांची राय ने 98.77 प्रतिशत अंक किए हासिल



तरनप्रीत कौर ने 98.46 प्रतिशत अंक किए हासिल



सुहाना ने 97.54 प्रतिशत अंक किए हासिल



आरएस मॉडल स्कूल के नतीजे भी रहे शानदार



आरएस मॉडल स्कूल के नतीजे भी रहे शानदार



आरएस मॉडल स्कूल के नतीजे भी रहे शानदार



तेजा सिंह स्वतंत्र मेमोरियल सीनियर सेकेंडरी स्कूल के टॉपर्स के साथ स्कूल स्टॉफ

## आरएस मॉडल स्कूल के नतीजे भी रहे शानदार

*वहीं शास्त्री नगर के आरएस मॉडल सीनियर सैकेंडरी स्कूल का भी 10वीं का नतीजा शानदार रहा। जिसमें स्कूल की जसप्रीत कौर ने 637 अंक हासिल कर स्टेट में 8वां स्थान हासिल किया, वहीं स्कूल में पहला स्थान लिया। वहीं अनमोलप्रीत सिंह ने 630 अंक लेकर स्कूल में दूसरा और शिवानी कुमारी ने 624 अंक लेकर तीसरा स्थान हासिल किया है।*



## बीसीएम, फोकल प्वाइंट, लुधियाना के विद्यार्थियों का शानदार प्रदर्शन

लुधियाना/यूटर्न/11 मई। पंजाब स्कूल शिक्षा बोर्ड द्वारा घोषित दसवीं कक्षा के परीक्षा परिणाम में बीसीएम स्कूल, फोकल प्वाइंट, लुधियाना के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया है। महक शर्मा ने 650 में से 638 अंक प्राप्त कर राज्य में 7वां तथा जिले में चौथा स्थान हासिल किया। झलक ने 650 में से 628 अंक प्राप्त कर राज्य में 17वां स्थान और जिले में 11वां स्थान प्राप्त किया। वहीं, मोहिनी ने 650 में से 626 अंक अर्जित कर राज्य में 19वां स्थान तथा जिले में 13वां स्थान प्राप्त कर विद्यालय की उपलब्धियों में महत्वपूर्ण योगदान दिया।

## गुरदेव नगर में तारें चोरी करके रंगे हाथों पकड़ा गया युवक, पुलिस के हवाले किया

लुधियाना/यूटर्न/11 मई। 2 दिन पहले गुरदेव नगर इलाके में चोरों द्वारा करीब 30,000 रुपये की वायर चोरी की गई थी। सोमवार को उसी पैटर्न पर गुरदेव नगर में चोरी को अंजाम देने की कोशिश की गई। इस दौरान इलाका निवासी शिवम गुप्ता ने चोरों को बंद कोठी से तारें चोरी करते देख इसकी जानकारी समाजसेवी एवं आम आदमी पार्टी नेता रविंदर पाल सिंह घई को दी। जिन्होंने मौके पर पहुंचकर क्षेत्र के निवासियों की मदद से चोर को पकड़ लिया गया। घई द्वारा डिवीजन नंबर 5 पुलिस को सूचित किया गया तथा लिखित शिकायत देकर चोर को पुलिस के हवाले कर दिया गया। रविंदर पाल सिंह घई ने कहा कि आम नागरिकों की सुरक्षा के साथ किसी भी प्रकार का समझौता बर्दाश्त नहीं किया जा सकता। उन्होंने कहा कि वह पहले ही पीसीआर गश्त का मुद्दा डीजीपी पंजाब के समक्ष उठा चुके थे, जिसके बाद इलाके में पुलिस गश्त बढ़ाई भी गई, लेकिन इसके बावजूद अपराध रुकने का नाम नहीं ले रहे। उन्होंने कहा कि सुरक्षा केवल उन्हीं लोगों को दी जानी चाहिए जिन्हें वास्तव में इसकी आवश्यकता है, न कि उन्हें जो इसे स्टेटस सिंबल के रूप में इस्तेमाल करते हैं।




## पार्किंग विवाद में महिलाओं से मारपीट, कपड़े फाड़ने के आरोप

जीरकपुर/यूटर्न/11 मई। पीरमुछल्ला स्थित बॉलीवुड हाइट्स-2 सोसायटी में पार्किंग विवाद को लेकर महिलाओं से मारपीट और कपड़े फाड़ने के आरोप में पुलिस ने छह लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। आरोपियों की पहचान विशाल चौहान, रीतू चौहान, दीपक महाजन, पूजा महाजन, विशाल गर्ग और प्रमोद अरोड़ा के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार यह विवाद सोसायटी में वाहन पार्किंग को लेकर शुरू हुआ था। शिकायतकर्ता सारिका गुप्ता ने पुलिस को बताया कि 8 मई को गाड़ी खड़ी करने को लेकर कुछ लोगों के साथ कहासुनी हो गई थी। आरोप है कि इस दौरान संदीप सिंगला के साथ हाथापाई और गाली-गलौज की गई। झगड़े में घायल होने के बाद संदीप सिंगला को इलाज के लिए सरकारी अस्पताल ढकोली में भर्ती करवाया गया।

# पीएम मोदी की वर्क फ्रॉम होम की अपील जल्द ही हकीकत बन सकती है

चंडीगढ़/यूटर्न/11 मई। वर्क फ्रॉम होम, जो कभी दुनिया के ज्यादातर हिस्सों के लिए एक अनजान कॉन्सेप्ट था, कोविड के दौरान रातों-रात हकीकत बन गया, ताकि लॉकडाउन के दौरान भी अर्थव्यवस्था का पहिया चलता रहे। जैसे-जैसे महामारी कम हुई, कई कंपनियाँ वापस अपने पारंपरिक पाँच-दिन के ऑफि स मॉडल पर लौट आई। हालाँकि, रविवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा भारतीयों से 'वर्क फ्रॉम होम' पर विचार करने की अपील के बाद यह स्थिति बदल सकती है। इस बार, दुनिया को ठप करने की धमकी देने वाला कोई वायरस नहीं था, बल्कि अर्थव्यवस्था की जीवनरेखा प्राकृतिक गैस और तेल की बढ़ती कमी थी। प्रधानमंत्री की यह अपील, महीनों से चले आ रहे खाड़ी संकट के बीच उनके द्वारा सुझाए गए व्यापक मितव्ययिता उपायों का हिस्सा थी। इस संकट के कम होने के कोई संकेत नहीं दिख रहे हैं, और इन उपायों में विदेश यात्रा में कटौती और सोने की खरीद से बचना शामिल है।



## समर्थकों ने की भारी प्रतिक्रिया

रविवार की घोषणा के तुरंत बाद, एक्स (ट्विटर) पर प्रधानमंत्री की अपील के समर्थन में लोगों की भारी प्रतिक्रिया देखने को मिली; कई यूजर्स ने तर्क दिया कि जब तक खाड़ी संकट जारी है, तब तक ईंधन बचाना और अनावश्यक यात्रा कम करना जरूरी कदम हैं।

## प्रधानमंत्री का सीधा संदेश

प्रधानमंत्री का संदेश सीधा है कि अनावश्यक यात्रा कम करें, ईंधन बचाएँ और वर्चुअल मीटिंग्स पर लौटें; क्योंकि होर्मुज जलडमरूमध्य जो दुनिया के सबसे महत्वपूर्ण ऊर्जा मार्गों में से एक है, खासकर दक्षिण एशिया के लिए को लेकर ईरान और अमेरिका के बीच दोहरा गतिरोध जारी है। पीएम मोदी की यह अपील ऐसे समय में भी आई है, जब दुनिया भर के कई देश पहले से ही 'वर्क फ्रॉम होम' मॉडल या काम के हफ्ते को छोटा करने की ओर बढ़ रहे हैं। ऐसा इस डर के चलते हो रहा है कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ईरान और अमेरिका के बीच संभावित शांति समझौते की राह में रोड़ा अटका दिया हो।

## पाक ने सरकारी दफ़्तरों में हो रहा चार दिन काम

*बिल्कुल पड़ोस में, भारत के पड़ोसी देश पाकिस्तान ने सरकारी दफ़्तरों के लिए पहले ही चार-दिन के काम के हफ़्ते की घोषणा कर दी है। वियतनाम सरकार ने नियोक्ताओं से कहा है कि जहाँ भी संभव हो, वे ईंधन की खपत कम करने के लिए वर्क फ्रॉम होम की सुविधा दें। थाईलैंड में, सरकार ने नौकरशाहों को सलाह दी है कि वे एयर कंडीशनर का तापमान 26 डिग्री सेल्सियस से नीचे न रखें। ज्यादा दूर नहीं, फिलीपींस भी इसी राह पर चल रहा है, जहाँ सरकारी कर्मचारियों के लिए वर्क फ्रॉम होम अनिवार्य कर दिया गया है। भारत का पूर्वी पड़ोसी बांग्लादेश भी समय के साथ होड़ करते हुए, काम के घंटे कम करके, आमने-सामने होने वाली कक्षाओं को स्थगित करके और वर्चुअल कक्षाओं को बढ़ावा देकर तेल की हर बूँद बचाने की कोशिश कर रहा है।*

# बठिंडा रेलवे स्टेशन के नवीनीकरण के लिए 102 करोड़ रुपये मंजूर, भाजपा नेता वीनू गोयल ने जताया आभार



सोनू टुटेजा

बठिंडा/यूटर्न/11 मई। रेलवे स्टेशन के नवीनीकरण के लिए मंजूर किए गए 102 करोड़ रुपये के प्रोजेक्ट को लेकर भाजपा नेता Vinu Goyal ने प्रधानमंत्री Narendra Modi और केंद्र सरकार का दिल से धन्यवाद किया है। यह प्रतिक्रिया केंद्रीय रेल राज्य मंत्री Ravneet Singh Bittu द्वारा फेसबुक पोस्ट के जरिए किए गए ऐलान के बाद सामने आई। उन्होंने बताया कि अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत 102 करोड़ रुपये की लागत से बठिंडा रेलवे स्टेशन के आधुनिकीकरण और नवीनीकरण को मंजूरी मिली है। वीनू गोयल ने कहा कि स्टेशन के विकास से बठिंडा शहर और पूरे मालवा क्षेत्र में प्रगति के नए रास्ते खुलेंगे।

उन्होंने कहा कि बठिंडा रेलवे स्टेशन पहले से ही राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रसिद्ध है, लेकिन इस प्रोजेक्ट के पूरा होने के बाद शहर के रेलवे ढांचे को नई पहचान मिलेगी और यात्रियों को विश्व स्तरीय सुविधाएं मिलेंगी। उन्होंने यह भी कहा कि बठिंडा रेलवे स्टेशन व्यापार, कृषि, रक्षा गतिविधियों और यात्री आवाजाही का महत्वपूर्ण केंद्र है, इसलिए इसके नवीनीकरण की मंजूरी से शहर की लंबे समय से चली आ रही मांग पूरी हुई है। वीनू गोयल ने इस प्रोजेक्ट को मंजूरी दिलाने के लिए केंद्रीय रेल राज्य मंत्री रवनीत सिंह बिट्टू का विशेष धन्यवाद किया और कहा कि स्टेशन को आधुनिक यात्री सुविधाओं, बेहतर बुनियादी ढांचे और विश्व स्तरीय स्वरूप के साथ उन्नत किया जाएगा, जिससे यात्रियों को पहले से अधिक आरामदायक यात्रा का अनुभव मिलेगा। उन्होंने अमृत भारत स्टेशन योजना के माध्यम से भारतीय रेलवे के विकास के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और रेल मंत्री Ashwini Vaishnaw का भी आभार जताया।

# एयरोसिटी के निर्माणाधीन प्रोजेक्ट से लाखों का सरिया गायब

## साइट पर काम करने वाले दो मजदूरों पर चोरी का आरोप, पुलिस जांच में जुटी

जीरकपुर/यूटर्न/11 मई। मोहाली के एयरोसिटी स्थित निर्माणाधीन प्रोजेक्ट से करीब 20 क्विंटल लोहे का सरिया चोरी होने का मामला सामने आया है। हैरानी की बात यह है कि चोरी का आरोप उसी प्रोजेक्ट साइट पर काम करने वाले दो मजदूरों पर लगा है। पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

पुलिस को दी शिकायत में एमएस कंसोर्ट बिल्डर्स प्राइवेट लिमिटेड के सिक्योरिटी अधिकारी गुरमेल सिंह ने बताया कि कंपनी द्वारा आरजीआई ग्रैंड कार्निवल 'एच' ब्लॉक में निर्माण कार्य करवाया जा रहा है। 26 अप्रैल को जब साइट का निरीक्षण किया गया तो वहां रखा भारी मात्रा में लोहे का सरिया गायब मिला। प्रारंभिक जांच में सामने आया कि करीब 20 क्विंटल सरिया ट्रैक्टर-ट्रॉली की मदद से चोरी कर ले जाया गया। मामले में पुलिस ने शमाकांत साह और रामाकांत साह के खिलाफ केस दर्ज किया है। दोनों आरोपी प्रोजेक्ट साइट पर मजदूरी का काम करते थे और घटना के बाद से फरार बताए जा रहे हैं। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है और आरोपियों को जल्द गिरफ्तार कर लिया जाएगा। वहीं घटना के बाद निर्माण कंपनी ने साइट पर सुरक्षा व्यवस्था बढ़ा दी है और आने-जाने वालों पर निगरानी कड़ी कर दी गई है।

# 2500 एकड़ जमीन पर अटका विकास; किसान बोले- पंजाब-हरियाणा में CLU संभव तो यहां क्यों नहीं?

अजीत झा

चंडीगढ़/यूटर्न/11 मई। शहर के गांवों में करीब 2500 एकड़ कृषि भूमि को लेकर बड़ा विवाद खड़ा हो गया है। किसान और उद्योगपति लंबे समय से चेंज ऑफ लैंड यूज और कन्वर्जन पॉलिसी की मांग कर रहे हैं, लेकिन चंडीगढ़ प्रशासन मास्टर प्लान-2031 का हवाला देकर इसे लागू करने से पीछे हट रहा है। ऐसे में शहर में जमीन उपयोग को लेकर प्रशासन और ग्रामीणों के बीच टकराव गहराता जा रहा है। प्रशासन का कहना है कि चंडीगढ़ में जमीन सीमित है और गांवों की कृषि भूमि छोटे-छोटे हिस्सों में बंटी हुई है। ऐसे में सीएलयू आधारित योजनाबद्ध विकास व्यवहारिक नहीं है। अधिकारियों के मुताबिक यदि इन क्षेत्रों में आवासीय या व्यावसायिक गतिविधियों की अनुमति दी गई तो ट्रैफिक, पार्किंग और इंफ्रास्ट्रक्चर पर भारी दबाव बढ़ जाएगा। वहीं किसान और उद्योगपति प्रशासन की दलीलों पर सवाल उठा रहे हैं। उनका कहना है कि पंजाब और हरियाणा में कृषि भूमि पर सीएलयू और कन्वर्जन पॉलिसी लागू हो सकती है तो चंडीगढ़ में क्यों नहीं। उनका आरोप है कि प्रशासन इंडस्ट्रियल प्लॉट्स का फ्लोर एरिया रेशियो बढ़ाने के लिए तैयार है, लेकिन गांवों की जमीन को लेकर दोहरा रवैया अपना रहा है। चंडीगढ़ नगर निगम क्षेत्र में 23 गांव शामिल हैं, जिनमें कजहेड़ी, पलसोरा, रायपुर कलां समेत कई इलाके आते हैं। ये सभी पंजाब न्यू कैपिटल (पेरिफेरी) कंट्रोल एक्ट-1952 और चंडीगढ़ मास्टर प्लान-2031 के दायरे में आते हैं। इन नियमों के तहत कृषि भूमि को व्यावसायिक या आवासीय उपयोग में बदलने पर सख्त प्रतिबंध हैं।

प्रशासनिक अधिकारियों का कहना है कि गांवों में छोटे-छोटे प्लॉट्स पर आधारभूत ढांचा विकसित करने की लागत बहुत ज्यादा होगी, जिससे परियोजनाएं आर्थिक रूप से व्यवहारिक नहीं रह जाएंगी। दूसरी ओर उद्योगपति बिजनेस-टू-कस्टमर (इ2उ) नीति और कन्वर्जन पॉलिसी लागू करने की मांग कर रहे हैं। दरअसल, साल 2005 में प्रशासन ने दो कनाल या उससे बड़े इंडस्ट्रियल प्लॉट्स को दुकानों, ऑफिस, बैंक, होटल और रेस्टोरेंट जैसी कमर्शियल गतिविधियों में बदलने की अनुमति दी थी। इस नीति के तहत कई प्लॉट्स का कन्वर्जन हुआ और प्रशासन को करोड़ों रुपये का राजस्व मिला था। उसी मॉडल को दोबारा लागू करने की मांग अब फिर तेज हो गई है।

औद्योगिक क्षेत्र फेज-1 और फेज-2 में करीब 300 प्लॉट हैं, जहां दो हजार से ज्यादा उद्योगपति काम कर रहे हैं। प्रशासन पहले ही इस क्षेत्र का नाम बदलकर बिजनेस पार्क कर चुका है और अब फेज-3 के प्लॉट्स की नीलामी की तैयारी भी चल रही है। इधर पेंडू विकास मंच और मनोनीत पार्षद Satinder Singh ने प्रशासन की नीति पर सवाल उठाए हैं। उनका कहना है कि यदि प्रशासन बंटी हुई जमीनों पर विकास योजनाएं लागू कर सकता है, तो किसानों को अपनी जमीन के सीमित उपयोग का अधिकार क्यों नहीं दिया जा रहा। उन्होंने मांग की कि किसानों को कम से कम कृषि भूमि पर एक कमरा, रसोई और बाथरूम बनाने की अनुमति दी जानी चाहिए, ताकि वे अपनी जमीन का बुनियादी उपयोग कर सकें। शहर में बढ़ती जमीन की कीमतों और सीमित संसाधनों के बीच अब यह मुद्दा सिर्फ किसानों तक सीमित नहीं रह गया, बल्कि चंडीगढ़ के भविष्य के शहरी विकास मॉडल पर भी बड़ा सवाल खड़ा कर रहा है।

# छठे दिन भी जारी रही नगर परिषद कर्मचारियों की हड़ताल

## सफाई और सीवरेज व्यवस्था चरमराई, लोगों की बढ़ीं मुश्किलें

जीरकपुर/यूटर्न/11 मई। नगर परिषद जीरकपुर के कच्चे कर्मचारियों की हड़ताल सोमवार को लगातार छठे दिन भी जारी रही। हड़ताल के चलते शहर की सफाई और सीवरेज सेवाएं बुरी तरह प्रभावित हो गई हैं। कई इलाकों में कूड़े के ढेर लगने लगे हैं, जबकि सीवरेज जाम की शिकायतों में भी लगातार बढ़ोतरी हो रही है। इससे शहरवासियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

नगर परिषद कार्यालय के बाहर कर्मचारियों ने धरना प्रदर्शन करते हुए पंजाब सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। प्रदर्शनकारियों ने ठेकेदारी व्यवस्था खत्म करने, अस्थायी कर्मचारियों को नियमित करने और न्यूनतम वेतन बढ़ाने की मांग दोहराई। कर्मचारियों का कहना है कि उनकी मांगें लंबे समय से लंबित हैं, लेकिन सरकार की ओर से अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। यूनियन नेताओं ने कहा कि मौजूदा वेतन में परिवार का पालन-पोषण करना बेहद मुश्किल हो चुका है। उन्होंने आरोप लगाया कि सफाई कर्मचारियों से लगातार काम लिया जा रहा है, लेकिन वेतन और अन्य सुविधाओं के मामले में उनकी लगातार अनदेखी की जा रही है। कर्मचारियों ने चेतावनी दी कि यदि जल्द उनकी मांगों का समाधान नहीं किया गया तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा।

हड़ताल का असर अब आम जनता पर भी साफ दिखाई देने लगा है। कई रिहायशी इलाकों में समय पर कूड़ा नहीं उठाया जा रहा, जिससे लोगों में नाराजगी बढ़ रही है। वहीं सीवरेज संबंधी शिकायतों के समाधान में देरी होने के कारण लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। शहरवासियों ने प्रशासन से जल्द समाधान निकालकर सफाई और सीवरेज व्यवस्था बहाल करने की मांग की है।



**कम वेतन में परिवार चलाना मुश्किल : यूनियन नेता...**यूनियन नेताओं ने कहा कि मौजूदा वेतन में कर्मचारियों के लिए परिवार का पालन-पोषण करना बेहद कठिन हो चुका है। उनका आरोप है कि सफाई कर्मचारियों से लगातार काम लिया जा रहा है, लेकिन वेतन और सुविधाओं के मामले में उनकी लगातार अनदेखी की जा रही है। कच्चे कर्मचारियों ने चेतावनी दी कि यदि जल्द उनकी मांगों का समाधान नहीं किया गया तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा।

**आम जनता भी हो रही परेशान...**हड़ताल का असर अब शहर की आम जनता पर भी साफ दिखाई देने लगा है। कई रिहायशी इलाकों में समय पर कूड़ा नहीं उठाया जा रहा, जिससे लोगों में नाराजगी बढ़ रही है। वहीं सीवरेज से जुड़ी शिकायतों के समाधान में देरी होने के कारण लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। शहरवासियों ने प्रशासन से जल्द समाधान निकालकर सफाई और सीवरेज व्यवस्था बहाल करने की मांग की है।

### *नगर परिषद कार्यालय के बाहर कर्मचारियों का धरना*

*नगर परिषद कार्यालय के बाहर कर्मचारियों ने धरना प्रदर्शन करते हुए पंजाब सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। प्रदर्शन के दौरान कर्मचारियों ने ठेकेदारी व्यवस्था खत्म करने, अस्थायी कर्मचारियों को नियमित करने और न्यूनतम वेतन बढ़ाने की मांग दोहराई। प्रदर्शनकारियों का कहना है कि उनकी मांगें लंबे समय से लंबित हैं, लेकिन सरकार की ओर से अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया।*

# पंजाब भाजपा के 2 ऑफिसों पर हमला, लाठी-डंडे लेकर घुसे लोग, तोड़फोड़ की, पथराव किया

मोहाली/यूटर्न/11 मई। पंजाब में सोमवार को भाजपा के दो ऑफिसों में हंगामा और तोड़फोड़ हुई। मोहाली के जीरकपुर में 5 नकाबपोश युवक भाजपा ऑफिस में घुस गए और दीवारों व पोस्टरों पर इंक फेंककर हंगामा किया। आरोप है कि युवकों ने भाजपा नेता गुरदर्शन सैनी की तस्वीर पर भी इंक फेंकी। घटना के दौरान ऑफिस में अफरा-तफरी मच गई और आरोपी कुछ देर बाद मौके से फरार हो गए। वहीं, तरनतारन में भी भाजपा ऑफिस पर हमला हुआ। 15 से 20 लोग अचानक ऑफिस में लाठी-डंडे लेकर दाखिल हुए और तोड़फोड़ की। कुर्सियां और अन्य सामान को नुकसान पहुंचाया व नारेबाजी भी की। इस दौरान कुछ पत्थर फेंकते दिखे। घटना के बाद इलाके में तनाव का माहौल बन गया। यहां भाजपा जिला प्रधान हरजीत सिंह संधू ने बताया कि वह किसी प्रदर्शन में शामिल होने जा रहे थे, तभी 15 से 20 लोग ऑफिस में घुस आए। उन्होंने कहा कि हमलावर लगातार नारेबाजी कर माहौल खराब करने की कोशिश कर रहे थे।



# जगरांव में 'झाड़ू' हुआ तीला-तीला, सरकार के खिलाफ गूँजा-तीसरा दिन हड़ताल का 'फिटे मुँह सरकार का'

-चरणजीत सिंह चन्न-

जगरांव/यूटर्न/11/मई। पंजाब सरकार की वादाखिलाफी और अपनी मांगों को लेकर सफाई सेवकों व म्युनिसिपल कर्मचारियों का आंदोलन अब उग्र रूप धारण कर चुका है। म्युनिसिपल एक्शन कमेटी पंजाब और सफाई सेवक यूनियन के नेतृत्व में चल रही हड़ताल आज छठे दिन में प्रवेश कर गई, जिसके चलते शहर की सफाई व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है।




### शहर की सड़कों पर उमड़ा जनसैलाब

हड़ताल के छठे दिन जगरांव में सफाई सेवकों, सीवरमैनों, कंप्यूटर ऑपरेटरों, पंप ऑपरेटरों, मालियों और इलेक्ट्रिशियनों ने मिलकर एक विशाल रोष रैली निकाली। प्रदर्शनकारियों का गुस्सा इस कदर था कि पूरे शहर में 'छठा दिन हड़ताल का-फिटे मुँह सरकार का' के नारे गूँज उठे।

**रैली का मार्ग:** यह रोष मार्च नगर परिषद से शुरू होकर कमल चौक, कुक्कड़ चौक, मेन दरवाजा, नलकेया वाला चौक, फिल्ली गेट और रायकोट अड्डा होते हुए झांसी रानी चौक पर समाप्त हुआ।

**प्रतीकात्मक विरोध:** झाड़ू के किए टुकड़े-टुकड़े सरकार की नीतियों के प्रति अपना रोष प्रकट करने के लिए प्रदर्शनकारियों ने मुख्य चौकों पर प्रतीकात्मक रूप से झाड़ू को तीला-तीला (बिखेरना) कर दिया। उन्होंने स्पष्ट संदेश दिया कि जब तक उनकी मांगें नहीं मानी जातीं, वे काम पर नहीं लौटेंगे। इस प्रदर्शन को शहर की विभिन्न सामाजिक और मजदूर जत्थेबंदियों का भी भरपूर समर्थन मिला।

*'सफाई सेवकों के हक की लड़ाई को दबाने की कोशिश न करें राजनीतिक नेता। अगर हमारे संघर्ष को कमजोर करने का प्रयास हुआ, तो यूनियन और भी कड़े फैसले लेने को मजबूर होगी।' - अध्यक्ष अरुण गिल*

### विभिन्न संगठनों ने दिया समर्थन

झांसी रानी चौक पर हुई सभा को संबोधित करते हुए विभिन्न नेताओं ने सफाई सेवकों की जायज मांगों और शहर की सफाई के स्थाई समाधान के लिए अपना समर्थन जताया। इस मौके पर मुख्य रूप से उपस्थित रहे: इंकलाबी केंद्र पंजाब: कमलजीत खन्ना अध्यक्ष, नगर सुधार सभा मास्टर अवतार सिंह, फूड एंड अलाइड वर्कर यूनियन: अवतार सिंह बिल्ला, भारतीय किसान यूनियन (डकौंदा): इंद्रजीत धालीवाल।

### प्रमुख उपस्थिति

रैली में अमित कल्याण (सेंट्रल वाल्मीकि सभा), अशोक भंडारी (साझा पेंशन फ्रंट), सतपाल सिंह देहड़का (ग्रीन मिशन पंजाब), राज कुमार (सीवरमैन यूनियन अध्यक्ष), चेयरमैन बुद्ध राम, सनी, सुंदर भूषण कुमार गिल और बड़ी संख्या में म्युनिसिपल कर्मचारी शामिल हुए।

**मुख्य मांगें:** कर्मचारियों का पक्का किया जाना, बकाया वेतन की अदायगी और पुरानी पेंशन बहाली जैसे मुद्दों पर कर्मचारी अड़े हुए हैं। अब देखना यह है कि सरकार इस तीखे विरोध के आगे कब झुकती है।

# जगरांव नगर परिषद चुनावों का बजा बिगुल : 26 मई को मतदान, परिणाम 29 में को, आचार संहिता लागू



-चरणजीत सिंह चन्न-

जगरांव/यूटर्न/11/मई। लुधियाना जिले के जगरांव में नगर परिषद चुनावों की तारीखों का आधिकारिक ऐलान कर दिया गया है। राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा चुनावी कार्यक्रम जारी होते ही इलाके में आचार संहिता तुरंत प्रभाव से लागू हो गई है। इस घोषणा के साथ ही स्थानीय राजनीति में हलचल तेज हो गई है और राजनीतिक पार्टियों ने अपनी बिसात बिछानी शुरू कर दी है।

चुनावी कार्यक्रम की मुख्य तिथियां: नगर परिषद के कुल 23 वार्डों के लिए होने वाले इस चुनावी दंगल का पूरा विवरण निम्नलिखित है:

नामांकन प्रक्रिया: 13 मई से 16 मई 2026 तक।
नामांकनों की जांच: 17 मई।
नाम वापसी की अंतिम तिथि: 19 मई
मतदान (Voting): 26 मई 2026
परिणाम (Results): 29 मई (वोटों की गिनती के तुरंत बाद)।

### सरगर्मियां तेज, प्रशासन मुस्तैद

चुनाव की घोषणा होते ही शहर में चुनावी माहौल गरमा गया है। प्रशासन ने स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव सुनिश्चित करने के लिए कमर कस ली है। आचार संहिता लागू होने के बाद अब शहर में किसी भी नई विकास परियोजना या लोक लुभावन घोषणाओं पर रोक लग गई है। सभी वार्डों में उम्मीदवारों ने अपनी दावेदारी पेश करने के लिए डोर-टू-डोर कैंपेन और जनसंपर्क तेज कर दिया है। 29 मई को यह स्पष्ट हो जाएगा कि जगरांव की जनता नगर परिषद की कमान किसके हाथों में सौंपती है।

अपील: आओ! वोट डालें और लोकतंत्र को मजबूत बनाएं।

Uturn Time 12 May 2026_Layout 2 11-05-2026 23:14 Page 10



# पंजाब निकाय चुनाव का ऐलान: 26 मई को वोटिंग, 29 मई को आएंगे नतीजे; 8 नगर निगमों समेत 97 निकायों में होगा मतदान

अजीत झा

चंडीगढ़/यूटर्न/11 मई। पंजाब में निकाय चुनाव का ऐलान हो गया है। राज्य चुनाव आयोग के मुताबिक 26 मई को मतदान कराया जाएगा, जबकि मतगणना 29 मई को होगी। मतदान सुबह 8 बजे से शाम 5 बजे तक होगा। प्रदेश के 8 नगर निगम, 76 नगर काउंसिल और 21 नगर पंचायतों में चुनाव होंगे। चुनाव के लिए नामांकन प्रक्रिया 13 मई से शुरू होकर 16 मई तक चलेगी।




उम्मीदवार सुबह 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक नामांकन दाखिल कर सकेंगे। इसी दिन चुनाव निशान भी आवंटित किए जाएंगे। आयोग ने स्पष्ट किया है कि नामांकन प्रक्रिया ऑनलाइन नहीं होगी। उम्मीदवारों को संबंधित चुनाव अधिकारी के कार्यालय में पहुंचकर आवेदन करना होगा, जिसके बाद उनकी जानकारी वेबसाइट पर अपलोड की जाएगी। 18 मई को नामांकन पत्रों की स्क्रूटनी की जाएगी। इस दौरान उम्मीदवार या उनके प्रतिनिधि रिटर्निंग अफसर के सामने अपने एतराज दर्ज करा सकेंगे। यदि किसी उम्मीदवार का नामांकन रद्द किया जाता है तो इसकी जानकारी उसी दिन दी जाएगी। वहीं 19 मई नाम वापस लेने की अंतिम तारीख होगी। राज्य चुनाव आयुक्त डॉ. राज कमल चौधरी ने बताया कि मोहाली, बठिंडा, अबोहर, बरनाला, कपूरथला, मोगा, बटाला और पठानकोट नगर निगमों में चुनाव होंगे। इसके अलावा 76 नगर काउंसिल और 21 नगर पंचायतों में भी मतदान कराया जाएगा। चुनाव के लिए प्रदेशभर में 3977 पोलिंग स्टेशन बनाए गए हैं। उन्होंने बताया कि चुनाव को शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराने के लिए व्यापक तैयारियां की गई हैं। प्रदेश में कुल 36,72,932 मतदाता हैं, जिनमें 18 लाख 990 पुरुष, 17.73 लाख महिलाएं और 226 अन्य मतदाता शामिल हैं। चुनाव की घोषणा के साथ ही पूरे प्रदेश में आदर्श आचार संहिता लागू हो गई है। सरकार को इस संबंध में पत्र भेजा जा रहा है, जिसके बाद तबादलों पर रोक लग जाएगी।

चुनाव आयोग ने कहा कि उम्मीदवार राजनीतिक दलों के चुनाव चिन्ह पर भी चुनाव लड़ सकेंगे। नामांकन पत्र के साथ एफिडेविट जमा करना अनिवार्य होगा। उम्मीदवारों की जानकारी रोजाना ऑनलाइन अपडेट की जाएगी ताकि लोग उनकी प्रोफाइल देख सकें। खर्च सीमा की बात करें तो नगर निगम चुनाव में प्रत्याशी अधिकतम 4 लाख रुपए खर्च कर सकेंगे। नगर काउंसिल की विभिन्न श्रेणियों में खर्च सीमा 3.60 लाख, 2.30 लाख और 2 लाख रुपए तय की गई है। वहीं नगर पंचायत चुनाव के लिए खर्च सीमा 1.40 लाख रुपए निर्धारित की गई है। सुरक्षा व्यवस्था को लेकर आयोग ने कहा कि चुनाव प्रक्रिया में करीब 36 हजार कर्मचारी तैनात किए जाएंगे। इसके अलावा 35,500 पुलिसकर्मी और होमगार्ड जवान ड्यूटी पर रहेंगे। हर बूथ पर पांच कर्मचारी तैनात किए जाएंगे। आईएएस और पीसीएस अधिकारियों की भी जिलों में ड्यूटी लगाई जाएगी। चुनाव प्रक्रिया की वीडियोग्राफी कराई जाएगी। रिटर्निंग अफसर के कमरों के अंदर और बाहर कैमरे लगाए जाएंगे। नामांकन के दौरान प्रत्याशी के साथ केवल चार लोगों को जाने की अनुमति होगी। आयोग ने डीसी को हथियार जमा कराने के निर्देश भी जारी किए हैं।

# भारतीय जनता पार्टी चंडीगढ़ प्रदेश के भारत रत्न अटल जिला का दो दिवसीय प्रशिक्षण शिविर सफलतापूर्वक संपन्न

चंडीगढ़/यूटर्न/11 मई। भारतीय जनता पार्टी चंडीगढ़ प्रदेश के जिला स्तरीय प्रशिक्षण वर्ग श्रृंखला के अंतर्गत भारत रत्न अटल जिला का दो दिवसीय प्रशिक्षण शिविर 9 एवं 10 मई 2026 को सर्व हितकारी शिक्षा निकेतन, बड़ोग (सोलन) में जिला अध्यक्ष खुशविंदर सिंह की अध्यक्षता में सफलतापूर्वक आयोजित किया गया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में भारत रत्न अटल जिला क्षेत्र में निवास करने वाले प्रदेश पदाधिकारियों, जिला टीम एवं जिला कार्यकारिणी सदस्यों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रशिक्षण शिविर का उद्देश्य संगठनात्मक मजबूती, कार्यकताओं के वैचारिक विकास तथा पार्टी की नीतियों एवं सिद्धांतों को जन-जन तक प्रभावी ढंग से पहुंचाने के लिए कार्यकताओं को प्रशिक्षित करना रहा।





दो दिवसीय प्रशिक्षण शिविर में कुल 13 वक्ताओं ने विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर अपने विचार एवं मार्गदर्शन प्रशिक्षुओं के समक्ष प्रस्तुत किए। प्रदेश अध्यक्ष जितेंद्र पाल मल्होत्रा ने अपने सत्र में 'देश के समक्ष चुनौतियां : राजनीतिक एवं सामाजिक' विषय पर विस्तार से संबोधित करते हुए वर्तमान परिस्थितियों में राष्ट्रहित सर्वोपरि रखने का आह्वान किया।

डॉ. दविंदर कुमार मनियाल ने 'कार्यकर्ता विकास, संभाल एवं दायित्व बोध' विषय पर संगठन में कार्यकताओं की भूमिका और जिम्मेदारियों को विस्तार से समझाया। सतनाम सिंह संधू ने 'मोदी सरकार की गरीब कल्याण योजनाएं' विषय पर केंद्र सरकार की जनहितकारी नीतियों एवं योजनाओं की जानकारी दी। कश्मीर सिंह, विभाग कार्यवाह जिला सोलन ने 'विचार परिवार' विषय पर संगठनात्मक विचारधारा की गहराई से जानकारी साझा की। रामवीर भट्टी ने 'भाजपा का इतिहास एवं विकास' विषय पर पार्टी की वैचारिक यात्रा और संघर्षपूर्ण इतिहास को विस्तार से रखा।

संजय टंडन ने 'कार्य पद्धति' विषय पर संगठन के कार्य संचालन एवं कार्यशैली को समझाया। संजीव राणा ने 'बूथ प्रबंधन, मन की बात एवं SIR' विषय पर जमीनी स्तर पर संगठन को मजबूत करने के उपायों पर चर्चा की। शक्ति प्रकाश देवशाली ने 'कार्य विस्तार' विषय पर संगठन विस्तार के विभिन्न आयामों को प्रस्तुत किया। शिवेंद्र मंडोत्रा ने 'सोशल मीडिया, नई तकनीक एवं डिजिटल प्लेटफॉर्म' विषय पर आधुनिक संचार माध्यमों के प्रभावी उपयोग पर अपने विचार रखे।

सतेंद्र सिंह ने 'वैचारिक अधिष्ठान' विषय पर पार्टी की मूल विचारधारा एवं राष्ट्रवादी सोच को विस्तार से समझाया। महेश इंद्र सिद्धू ने 'नगर निगम की कार्यपद्धति एवं आगामी निगम चुनाव' विषय पर मार्गदर्शन दिया, जबकि महेंद्र कुमार निराला ने 'व्यवहारिक सत्र' के माध्यम से कार्यकताओं को संगठनात्मक व्यवहार एवं नेतृत्व क्षमता के महत्वपूर्ण पहलुओं से अवगत कराया।

प्रशिक्षण वर्ग में प्रदेश मीडिया प्रभारी एवं जिला प्रभारी रवि रावत विशेष रूप से उपस्थित रहे। प्रशिक्षण वर्ग के सफल आयोजन में जिला महामंत्री वी. के. बाली एवं रणजोध जमवाल ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। वहीं वर्ग प्रभारी हरीश गर्ग, वर्ग प्रमुख राजेंद्र जोशी तथा कार्यक्रम के कोऑर्डिनेटर समीर चाकू ने पूरे प्रशिक्षण शिविर के संचालन, व्यवस्थाओं एवं समन्वय को सफलतापूर्वक संपन्न कराने में उल्लेखनीय योगदान दिया।

प्रशिक्षण शिविर के समापन अवसर पर सभी कार्यकताओं ने संगठन हित में पूर्ण निष्ठा एवं समर्पण के साथ कार्य करने तथा चंडीगढ़ में भारतीय जनता पार्टी को और अधिक मजबूत बनाने का संकल्प लिया।

# टीबी मुक्त भारत अभियान को मजबूत करने के लिए भाजपा मेडिकल सेल ने बांटी मुफ्त पोषण किट



चंडीगढ़/यूटर्न/11 मई। भारतीय जनता पार्टी चंडीगढ़ प्रदेश के मेडिकल सेल की ओर से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के टीबी मुक्त भारत अभियान को आगे बढ़ाने के उद्देश्य से रविवार को आरएचटीसी पलसोरा और सीएचसी डिस्पेंसरी दादू माजरा में मुफ्त टीबी पोषण किट वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में भाजपा चंडीगढ़ प्रदेश अध्यक्ष जतिन्दर पाल मल्होत्रा मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए।

इस अवसर पर जतींदर पाल मल्होत्रा ने कहा कि टीबी मुक्त भारत का सपना केवल सरकारी अभियान नहीं, बल्कि देश के हर नागरिक के स्वस्थ भविष्य का संकल्प है। उन्होंने कहा कि समाज के अंतिम व्यक्ति तक प्रोटीन और पोषण युक्त आहार पहुंचाना हम सभी की जिम्मेदारी है। उन्होंने बताया कि भाजपा मेडिकल सेल पिछले पांच महीनों से लगातार टीबी मरीजों को मुफ्त पोषण किट उपलब्ध करवा रहा है। कार्यक्रम में राजस्थान परिवार के अध्यक्ष राज किशोर और उनकी टीम ने भी टीबी मरीजों को प्रोटीन व पोषण से भरपूर आहार किट वितरित की। उनकी सामाजिक सेवा और जनकल्याण के प्रति समर्पण की उपस्थित लोगों ने सराहना की। इस दौरान स्टेट टीबी अधिकारी डॉ. नवनीत कौर, डॉ. माला, डॉ. अनीता चौहान, मेडिकल सेल के कन्वीनर ललित तक्कियार, जिला अध्यक्ष रेखा सूद, को-कन्वीनर दीपक पाठक, अनु सिंगला, डॉ. मीना चड्ढा और संजय अरोड़ा समेत कई लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम में मौजूद डॉक्टरों और भाजपा पदाधिकारियों ने समाज के सक्षम वर्गों से भी ऐसे जनसेवा अभियानों में सहयोग देने की अपील की, ताकि टीबी मुक्त भारत के लक्ष्य को जल्द हासिल किया जा सके।

# छोटे भाई की हत्या करने वाले को रास्ते में घेरकर गोलियों से भूना, हत्यारे ने वीडियो डाल ली जिम्मेदारी

पंजाब/यूटर्न/11 मई। रोपड़ के नूरपुर बेदी क्षेत्र में देर रात छोटे भाई की हत्या का बदलने लगने के लिए बड़े भाई ने उसके हत्यारे को सरेआम रास्ते में घेरकर गोलियां मार दी। जिससे युवक की मौत हो गई। इससे इलाके में हड़कंप मच गया। मृतक की पहचान शाहपुर बेला निवासी हरम सिंह के रूप में हुई है। वारदात के कुछ ही देर बाद एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ, जिसमें शाहपुर निवासी हरजोत सिंह सिद्धू ने इस हत्याकांड की जिम्मेदारी ली है। इस वारदात के बाद इलाके में भारी पुलिस बल तैनात कर दिया गया है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।


मृतक युवक की फाइल फोटो


हत्यारे ने वीडियो डाल ली जिम्मेदारी

## भाई की हत्या का लिया बदला

वायरल वीडियो में हरजोत सिंह सिद्धू ने दावा किया है कि मृतक हरम सिंह ने 13 मई 2019 को उसके भाई सुखवेंद्र सिंह की हत्या की थी। हरम सिंह चार साल जेल में रहने के बाद जमानत पर बाहर आया था। हरजोत के अनुसार, जमानत पर बाहर आने के बाद हरम सिंह उसे लगातार धमकियां दे रहा था। हरजोत ने वीडियो में आरोप लगाया कि हरम सिंह का अहंकार बढ़ गया था और वह अक्सर बच्चों के सामने पिस्तौल दिखाकर केस वापस लेने का दबाव बनाता था। हरजोत के मुताबिक, वारदात की रात नूरपुर बेदी में हरम सिंह अपने तीन-चार साथियों के साथ मिला और फिर से उसे उकसाने व धमकाने लगा। जिसके बाद उसने आत्मरक्षा में यह कदम उठाया है।

# पंजाबी महिला की मनीला में गोली मारकर हत्या, फाइनांस कारोबार में कलेक्शन के दौरान मारी गोली

फरीदकोट/यूटर्न/11 मई। फरीदकोट जिले के गांव घनिएवाला की एक महिला की फिलीपींस की राजधानी मनीला में बेरहमी से हत्या कर दी गई। अज्ञात हमलावरों ने महिला पर उस समय अंधाधुंध गोलियां बरसा दीं, जब वह अपने कारोबार के सिलसिले में कलेक्शन के लिए जा रही थीं। जानकारी अनुसार गांव घनिएवाला निवासी सुखवीर कौर बराड़ अपने पति इकबाल सिंह बराड़ के साथ पिछले कई वर्षों से मनीला में रह रही थीं। वहां यह दंपति फाइनांस का कारोबार करता था। रविवार को जब सुखवीर कौर हमेशा की तरह अपने फाइनांस व्यवसाय की कलेक्शन के लिए बाजार की ओर जा रही थीं, तभी रास्ते में घात लगाए बैठे अज्ञात हमलावरों ने उन पर हमला कर दिया।



## मौके पर ही तोड़ा दम, हमलावर फरार

बताया जा रहा है कि हमलावरों ने सुखवीर कौर को निशाना बनाते हुए अचानक गोलियां चलानी शुरू कर दीं। गोलियां लगने के कारण सुखवीर कौर की मौके पर ही मौत हो गई। वारदात को अंजाम देने के बाद हमलावर घटनास्थल से फरार होने में कामयाब रहे। स्थानीय पुलिस मामले की जांच कर रही है, लेकिन हमलावरों का अभी तक कोई सुराग नहीं मिल पाया है।

# जगरांव के तनवीर सिंह ने 10वीं की परीक्षा में गाड़े सफलता के झंडे, पंजाब भर में हासिल किया 21वां रैंक

## सनमति विमल जैन स्कूल के छात्र ने 96% अंक लेकर शहर का नाम किया रोशन, स्कूल प्रबंधन ने नकद पुरस्कार देकर किया सम्मानित



-चरणजीत सिंह चन्न-

जगरांव/यूटर्न/11/मई। जगरांव के प्रतिष्ठित सनमति विमल जैन सीनियर सेकेंडरी पब्लिक स्कूल ने शिक्षा के क्षेत्र में एक बार फिर अपनी उत्कृष्टता सिद्ध की है। पंजाब स्कूल शिक्षा बोर्ड (PSEB), मोहाली द्वारा घोषित 10वीं कक्षा के परिणामों में स्कूल के होनहार छात्र तनवीर सिंह ने शानदार प्रदर्शन करते हुए पूरे क्षेत्र का गौरव बढ़ाया है।

**शानदार उपलब्धि:** जगरांव में प्रथम और पंजाब में 21वां स्थान तनवीर सिंह (सुपुत्र स. इंदरजीत सिंह ढोलन) ने 650 में से 624 अंक (96%) प्राप्त कर मेरिट सूची में अपनी जगह बनाई है। स्कूल की प्रिंसिपल मैडम सुप्रिया खुराना ने गर्व के साथ जानकारी साझा कहां के तनवीर ने ना केवल जगरांव शहर में पहला स्थान हासिल किया है, बल्कि पूरे पंजाब राज्य में 21वां रैंक प्राप्त कर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है।

**सम्मान और प्रोत्साहन:** इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर स्कूल में खुशी का माहौल रहा। स्कूल प्रबंधन समिति के अध्यक्ष रमेश जैन और सचिव महावीर जैन ने छात्र की सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उसे 2100 रुपये की नकद राशि और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। इस दौरान तनवीर और उनके माता-पिता का मुंह मीठा करवाया गया और फूलों के साथ भव्य स्वागत किया गया।

**सफलता का श्रेय:** संस्था के पदाधिकारियों ने इस जीत का श्रेय छात्र की कड़ी मेहनत, शिक्षकों के कुशल मार्गदर्शन और अभिभावकों के निरंतर सहयोग को दिया। इस अवसर पर सरिता अग्रवाल, अंजू कौशल, रिशु बंसल, अंकिता गुप्ता सहित समस्त स्टाफ ने तनवीर को उज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं।

# स्टाइल और फिटनेस में पूजा हेगड़े का नया जलवा


पूजा हेगड़े

बॉलीवुड अभिनेत्री पूजा हेगड़े का नया रील लुक सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। स्टाइलिश बिकिनी और डेनिम शॉर्ट्स में उनका ग्लैमरस अंदाज फैंस को खूब पसंद आ रहा है। वीडियो पर लाइक्स और कमेंट्स की बाढ़ आ गई है, फैंस उन्हें 'हॉटेस्ट' बता रहे हैं। एक बार फिर पूजा ने अपने फैशन और फिटनेस से सबका ध्यान खींच लिया है।

# डड्डूमाजरा डंपिंग ग्राउंड पर लगातार बढ़ रहा खर्च, करोड़ों लगाने के बाद भी पूरी तरह खत्म नहीं हुआ कचरा संकट

अजीत झा

चंडीगढ़/यूटर्न/11 मई। शहर के डड्डूमाजरा डंपिंग ग्राउंड को खत्म करने के लिए नगर निगम लगातार करोड़ों रुपये खर्च कर रहा है, लेकिन इसके बावजूद समस्या पूरी तरह खत्म होती नजर नहीं आ रही। पुराने कचरे के निस्तारण से लेकर नए प्लांटों के विस्तार तक कई परियोजनाओं पर भारी रकम खर्च की जा चुकी है। नगर निगम ने अब डड्डूमाजरा स्थित 300 टन प्रतिदिन क्षमता वाले वेट वेस्ट प्लांट के शेड विस्तार के लिए नया टेंडर जारी किया है। इस परियोजना की अनुमानित लागत करीब 2.42 करोड़ रुपये तय की गई है और इसे नौ महीने में पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। तकनीकी बोलियां 18 मई को खोली जाएंगी।



इसके अलावा 10 टन प्रतिदिन क्षमता वाले पृथक्करण संयंत्र के शेड विस्तार के लिए भी दोबारा निविदा जारी की गई है। इस कार्य पर करीब 1.27 करोड़ रुपये खर्च होंगे और छह माह में काम पूरा करने की योजना है। इसकी तकनीकी बोली 13 मई को खुलेगी। नगर निगम पहले ही डंपिंग ग्राउंड पर जमा पुराने कचरे की बायोमाइनिंग प्रक्रिया पर करीब 100 करोड़ रुपये खर्च कर चुका है। इसके बावजूद कचरे का पूरी तरह निस्तारण नहीं हो पाया। अब पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट ने नगर निगम को 25 मई तक डंपिंग साइट से कचरा हटाने, जमीन की लेवलिंग करने और मिट्टी की परत बिछाने के निर्देश दिए हैं।

हाईकोर्ट ने स्पष्ट कहा है कि लेवलिंग के दौरान साइट पर कहीं भी प्लास्टिक, पॉलिथीन या अन्य कचरा दिखाई नहीं देना चाहिए। इसके बाद नगर निगम पर तय समय में काम पूरा करने का दबाव बढ़ गया है।

नगर निगम अधिकारियों का दावा है कि अब केवल मशीनों के नीचे दबा हुआ पुराना कचरा ही बचा है और उसे भी हटाने का काम तेजी से चल रहा है। अधिकारियों के मुताबिक आने वाले दिनों में पूरा क्षेत्र साफ कर दिया जाएगा। इसी बीच नगर निगम ने शहर की अन्य विकास परियोजनाओं के लिए भी टेंडर प्रक्रिया शुरू की है। सेक्टर-26 के सामुदायिक केंद्र के जीर्णोद्धार पर करीब 56 लाख रुपये खर्च किए जाएंगे, जबकि रायपुर कलां में प्रस्तावित गौशाला फेस-2 की चारदीवारी निर्माण पर लगभग 1.96 करोड़ रुपये की लागत आएगी। पिछली सदन बैठक में गौशाला शेड विस्तार और पशु शव निस्तारण केंद्र से जुड़े प्रस्ताव भी लाए गए थे, हालांकि शव निस्तारण केंद्र का प्रस्ताव मंजूर नहीं हो सका था।

# थैलेसीमिया के प्रति जागरूकता ही उपचार में सहायक : डॉ. एस.जे. सिंह

## जिला स्तरीय जागरूकता सेमिनार आयोजित

दलजीत अज्नोहा

होशियारपुर/यूटर्न/11 मई। स्वास्थ्य विभाग पंजाब के निर्देशों तथा सिविल सर्जन डॉ. मनदीप कौर के दिशा-निर्देशों अनुसार जिले भर में जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. सीमा गर्ग की अगुवाई में विश्व थैलेसीमिया दिवस संबंधी आई.ई.सी. गतिविधियों के तहत जागरूकता सेमिनार आयोजित किए गए। सिविल अस्पताल में वर्धमान यार्न एंड थ्रेड्स लिमिटेड के सहयोग से आयोजित जिला स्तरीय सेमिनार के दौरान पंजाब हेल्थ सिस्टम कॉरपोरेशन चंडीगढ़, पंजाब के डायरेक्टर डॉ. एस.जे. सिंह मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए।






## स्वामी देवी दयाल लॉ कॉलेज में विधिक जागरूकता शिविर आयोजित, तकनीक की भूमिका पर जोर

पंचकूला/यूटर्न/11 मई। हरियाणा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण (HALSA) की कार्य योजना-2026 के तहत अंतर्राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस के अवसर पर स्वामी देवी दयाल लॉ कॉलेज, बरवाला में विधिक जागरूकता शिविर आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम माननीय जिला एवं सत्र न्यायाधीश, पंचकूला के मार्गदर्शन और डीएलएसए के सदस्य सचिव के निर्देशों के अनुसार आयोजित हुआ। कार्यक्रम में मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, पंचकूला के सचिव श्री अजय कुमार घांघस ने छात्रों को संबोधित करते हुए आधुनिक न्याय प्रणाली में प्रौद्योगिकी की



बढ़ती भूमिका पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि तकनीक के उपयोग से न्याय प्रक्रिया अधिक तेज, पारदर्शी और सुलभ बनी है। उन्होंने छात्रों को तकनीक का जिम्मेदारीपूर्ण उपयोग करने और विधिक जागरूकता में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित किया। इस दौरान पैनल अधिवक्ता श्री रजत हांडा ने डिजिटल साक्षरता, ई-अदालतों और ऑनलाइन विधिक सेवाओं के महत्व पर जानकारी दी। कार्यक्रम में प्रश्न-उत्तर सत्र भी आयोजित हुआ, जिसमें छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। श्री घांघस ने 'समाधान समारोह' और विशेष लोक अदालतों की जानकारी देते हुए बताया कि चेक बाउंस मामलों के निपटारे के लिए 30 मई और 18 जुलाई 2026 को विशेष लोक अदालतें आयोजित होंगी। कार्यक्रम के अंत में छात्रों को कानूनी साक्षरता गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रोत्साहित किया गया।

# आत्मनिर्भरता के सात कदम: नरेंद्र मोदी ने नागरिकों के नेतृत्व में आर्थिक बदलाव का आह्वान किया



संदीप शर्मा, सम्पादक

ऐसे समय में जब वैश्विक भू-राजनीति एक बार फिर घरेलू आर्थिक वास्तविकताओं पर गहरा असर डाल रही है, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पश्चिम एशिया में चल रहे संकट को केवल एक बाहरी चुनौती के रूप में नहीं, बल्कि आंतरिक मजबूती की एक परीक्षा के रूप में पेश किया है। कच्चे तेल की बढ़ती कीमतों और महत्वपूर्ण आपूर्ति श्रृंखलाओं विशेष रूप से रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण हॉरमुज जलडमरूमध्य के आसपास पर मंडराते अनिश्चितता के बादलों के बीच, भारत खुद को ऐसे दबावों के सामने पाता है जो सरकार के नियंत्रण से बाहर हैं। ऐसे परिदृश्य में, प्रधानमंत्री की यह पहल इसलिए उल्लेखनीय है क्योंकि उन्होंने इसकी कुछ जिम्मेदारी नागरिकों पर भी डाली है; इस तरह उन्होंने आर्थिक प्रबंधन के विचार को केवल सरकार तक सीमित न रखकर, पूरे समाज तक विस्तृत कर दिया है।

यह दृष्टिकोण इस समझ को दशार्ता है कि आज व्यापक आर्थिक स्थिरता सूक्ष्म-स्तरीय व्यवहार से गहराई से जुड़ी हुई है। ईंधन की बचाई गई हर एक लीटर मात्रा, विदेशी मुद्रा का बचाया गया हर एक डॉलर, और चुना गया हर एक घरेलू विकल्प ये सभी मिलकर राष्ट्रीय शक्ति को धीरे-धीरे और मजबूत बनाते हैं। सात स्पष्ट और अमल में लाए जा सकने वाले सुझावों को सामने रखकर, प्रधानमंत्री ने एक जटिल वैश्विक संकट को नागरिकों की ठोस प्रतिक्रियाओं की एक श्रृंखला में बदलने का प्रयास किया है। यह एक ऐसा प्रयास है जिसका उद्देश्य नागरिकों के व्यवहार को राष्ट्रीय प्राथमिकताओं के साथ जोड़ना है।

पहला, प्रधानमंत्री ने आयातित ईंधन की खपत में कमी लाने का आह्वान किया। कच्चे तेल की कीमतों में जारी उतार-चढ़ाव और हॉरमुज जलडमरूमध्य जैसे आपूर्ति मार्गों पर बढ़ते दबाव को देखते हुए, उन्होंने नागरिकों से सार्वजनिक परिवहन और 'कारपूलिंग' को अपनाने का आग्रह किया, ये संसाधन बचाने के सरल, फिर भी अत्यंत प्रभावी तरीके हैं। दूसरा, उन्होंने भारतीयों से गैर-जरूरी विदेशी यात्राओं के बारे में पुनर्विचार करने की अपील की। एक वर्ष तक अंतरराष्ट्रीय यात्राओं से बचकर, नागरिक ऐसे समय में देश के कीमती विदेशी मुद्रा भंडार को बचाने में मदद कर सकते हैं, जब बाहरी दबाव लगातार बढ़ रहे हैं।

तीसरा, उन्होंने लोगों से विदेशों में जाकर शादी करने के फैसले पर फिर से विचार करने का आग्रह किया। उन्होंने सुझाव दिया कि देश के भीतर ही उत्सव मनाने से न केवल विदेशी मुद्रा पर होने वाला खर्च कम होगा, बल्कि स्थानीय अर्थव्यवस्थाओं और उद्योगों को भी मजबूती मिलेगी। चौथा, प्रधानमंत्री ने सोने की अत्यधिक खरीद को सीमित करने की आवश्यकता पर प्रकाश डाला। यद्यपि सांस्कृतिक रूप से सोने का विशेष महत्व है, लेकिन बड़े पैमाने पर सोने का आयात देश से बाहर विदेशी मुद्रा के प्रवाह को बढ़ाता है; ऐसे में, कुछ समय के लिए सोने की खरीद पर संयम बरतने से देश के आर्थिक संतुलन को बनाए रखने में मदद मिल सकती है।

पांचवां, उन्होंने जहां भी संभव हो, घर से काम करने की प्रथाओं को फिर से शुरू करने का आह्वान किया। केवल सुविधा के दृष्टिकोण से ही नहीं, बल्कि 'रिमोट वर्क' (दूरस्थ कार्य) ईंधन की खपत को कम कर सकता है, लागतों में कटौती कर सकता है, और जीवन जीने के एक अधिक टिकाऊ व पर्यावरण-अनुकूल तरीके को बढ़ावा दे सकता है।

छठा, उन्होंने नागरिकों को खाद्य तेल (खाने के तेल) की खपत में कमी लाने के लिए प्रोत्साहित किया। इस क्षेत्र में भारत की आयात पर निर्भरता को देखते हुए, खाद्य तेल का सोच-समझकर और संयमित उपयोग करने से विदेशी मुद्रा भंडार पर पड़ने वाले दबाव को कम करने में मदद मिल सकती है, और साथ ही यह स्वस्थ आदतों को भी बढ़ावा देता है। सातवीं बात, उन्होंने किसानों से आग्रह किया कि वे आयातित रासायनिक उर्वरकों पर अपनी निर्भरता कम करें और जैविक तथा टिकाऊ खेती के तरीकों की ओर बढ़ें। इस तरह उन्होंने कृषि की मजबूती को आत्मनिर्भरता के व्यापक लक्ष्य से जोड़ा। कुल मिलाकर, ये सातों बातें केवल अल्पकालिक उपायों से कहीं अधिक हैं; ये साझा राष्ट्रीय ज़िम्मेदारी के एक व्यापक दर्शन को दशार्ती हैं। आत्मनिर्भरता की सोच और 'वोकल फॉर लोकल' की भावना पर आधारित, प्रधानमंत्री का यह संदेश एक सरल लेकिन शक्तिशाली विचार को रेखांकित करता है: वैश्विक अनिश्चितता के दौर में, किसी राष्ट्र की शक्ति जितनी उसकी सरकार की नीतियों में निहित होती है, उतनी ही उसके लोगों के रोजमर्रा के चुनावों में भी होती है।

Owner, Publisher, Printer: - Komal Sharma, Printed by DB Corp LTD VPO Hamira, Distt Kapurthala-144601 (PB), Published by: House No 68, New Sarabha Nagar, VPO Daad, Ludhiana (PB) - 142022, Editor: Sandeep Sharma
तमाम प्रकाशित सामग्री के चयन व संपादन हेतु आरबीएक्ट के तहत जिम्मेवार।
Contact - +91 9814295372